



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 287/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

भोपाल, बुधवार 28 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in




भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह-2 के दौरान पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ समूह फोटो में।


**सांध्यप्रकाश विशेष**

## सावरकर का जीवन मातृभूमि के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा: शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, क्रांतिकारियों के मुकुटमणि वीर सावरकर का जीवन मातृभूमि के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा का प्रतीक है। किसी के



हृदय में राष्ट्र और मातृभूमि के प्रति भाव कितना गहरा हो सकता है, यह वीर सावरकर के जीवन से पता चलता है। उन्होंने कहा, वीर सावरकर एक विरले स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही ओजस्वी लेखक भी थे। उन्होंने कई कालजाई रचनाएँ लिखीं। उनके द्वारा रचित अमर गीत 'अनादी मी... अनंत मी...' का हिंदी रूपांतरण सुनकर मन भाव-विह्वल हो गया। मुंबई में स्वातंत्र्यवीर सावरकर के परिजनों को इस ओजस्वी गीत के सम्मान में महाराष्ट्र के संस्कृति विभाग की ओर से 'छत्रपति संभाजी महाराज राज्य प्रेरणा गीत पुरस्कार 2025' देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हिंदी रूपांतरण से यह गीत करोड़ों लोगों तक पहुँच पाएगा। इस गीत के गायक जयदीप वैद्य को मैं हृदय से बधाई देता हूँ। वीर सावरकर के विचार और उनकी संघर्षगाथा अनंतकाल तक देशवासियों को मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण और त्याग की प्रेरणा देती रहेगी।



जवाहर बाल भवन के पास आर्टिस्ट ने दीवार पर अहिल्याबाई समेत अन्य पेंटिंग बनाई।



जवाहर बाल भवन में समर कैंप में डांस की क्लास लगाई जा रही है। बच्चों को डांस सिखाया जा रहा है।

## ट्रंप प्रशासन का एक और बड़ा फैसला छात्र वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप जब से सत्ता में आए हैं, तब से उनका प्रशासन लगातार कड़े फैसलों को लेकर सुर्खियों में है। ट्रंप प्रशासन ने एक और बड़ा फैसला लिया है। विदेशी छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ाई करना अब और मुश्किल हो जाएगा। ट्रंप प्रशासन ने छात्र वीजा के इंटरव्यू पर रोक लगा दी है।अमेरिका में पढ़ाई की सोच रहे विदेशी छात्रों को एक बड़ा झटका लगा है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने सभी अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे नए छात्र वीजा इंटरव्यू फिलहाल न लें। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रशासन विदेशी छात्रों की सोशल मीडिया जांच अनिवार्य करने पर विचार कर रहा है।



## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य गुलाम नबी आजाद की तबीयत बिगड़ी, कुवैत में भर्ती

**नई दिल्ली।** ऑल पार्टी डेलीगेशन का हिस्सा गुलाम नबी आजाद की तबीयत खराब हो गई। उन्हें कुवैत के अस्पताल में भर्ती किया गया है। कुवैत में आजाद ने पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बातचीत में कहा, पाकिस्तान बहुत सारी गलत सूचनाएं फैलाता है, यह उनकी आदत है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की एकता और विविधता को कुवैत के प्रतिनिधियों के सामने रखा गया। उनके साथ विदेश दौरे पर गए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि आज के समय में ऐसे राजनेता मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब हम गुलाम नबी आजाद से अस्पताल में मिलने गए तो उनकी आंखें भर आईं।



**पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक**

# नीति और सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास में कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में नीति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

पिछली कैबिनेट मीटिंग 14 मई को हुई थी। उस मीटिंग में देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दी गई थी। यह यूनिट 3706 करोड़ रुपए में उत्तर प्रदेश के



जेवर में लगाई जाएगी।

HCL और फॉक्सकॉन मिलकर इस यूनिट को बनाएंगे। प्लांट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमाबाइल्स, पर्सनल कम्प्यूटर, और दूसरे डिस्प्ले डिवाइसेज के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनेंगे। हर महीने 3.6 करोड़ चिप बनेंगी।

इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2022 में लॉन्च किया गया था। इसके तहत अब तक 6 प्रोजेक्ट्स अप्रूव किए गए हैं। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप्स के छात्र लेटेस्ट टूल्स के जरिए सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी सीख रहे हैं।

## मोदी सरकार घर-घर पहुंचाएगी सिंदूर, 9 जून से एक महीने तक चलेगा अभियान

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मोदी सरकार घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत महिलाओं को उपहार के रूप में सिंदूर दिया जाएगा। भाजपा के सीनियर लीडर ने बताया कि 9 जून से इसकी शुरुआत होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी ने बतौर पीएम तीसरी बार शपथ ली थी यानी मोदी 3.0 की शुरुआत हुई थी।

अभियान का मूल मकसद मोदी 3.0 सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए जनसंपर्क के दौरान महिलाओं को सिंदूर भी भेंट किया जाएगा। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को हाईलाइट करने वाले पंफलेट भी बांटे जाएंगे।

### सांसद रोज 15-20 किमी की करेंगे पदयात्रा

केंद्र के सभी मंत्री, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे। एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी लोकसभा सांसदों अपने क्षेत्र में रोजाना 15-20 किमी तक पैदल यात्रा करनी है और मंत्री हफ्ते में दो दिन 20-25 किमी यात्रा कर जनसंपर्क करेंगे।

### बनेगी शॉर्ट फिल्म

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस भी विभाग ने अपना योगदान किसी भी रूप में दिया, उसकी डॉक्यूमेंट्री बनेगी। उस विभाग में कार्यरत लोगों और उनके परिजनों को दिखाई जाएगी। ताकि उन्हें गौरव हो और वे भविष्य में ज्यादा बेहतर तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित हो सकें।

## प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने वीर सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के लिए उनका बलिदान और समर्पण, विकसित भारत के निर्माण में मार्गदर्शन करता रहेगा। भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया।





**छात्राओं संग सेल्फी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को छात्राओं से संवाद के पूर्व महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, शिवाजी नगर भोपाल में लोकमता अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर सशक्त छात्राओं के साथ सेल्फी।

## मुख्यमंत्री बैतूल को देंगे करोड़ों की सौगात

### मुख्यमंत्री सारणी में करेंगे 464.55 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 28 मई को बैतूल जिले के सारणी में स्व सहायता समूहों के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव जिले के विकास को नई दिशा देने वाले 464.55 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। सारणी में आयोजित स्व सहायता समूहों के सम्मेलन और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री और बैतूल सांसद श्री दुर्गादास उईके और प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एवं बैतूल जिला प्रभारी मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले की विकास पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम में बैतूल जिले द्वारा लखपति दीदी अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर आधारित लघु वीडियो फिल्म का प्रदर्शन होगा। जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टार्टअप कंपनियों में 8.5 करोड रुपए के निवेश के इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर का प्रस्तुतीकरण भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पौधारोपण करेंगे।

## मणिपुर में भाजपा विधायकों ने सरकार बनाने का दावा किया, राज्यपाल के पास 10 एमएलए पहुंचे, 44 के समर्थन का दावा

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। वहीं, निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत सिंह ने कहा- हमने राज्यपाल को एक पेपर दिया है, जिस पर 22 विधायकों ने साइन किए हैं।

## चौधरी बन रहे ट्रंप ने कहा रूस नहीं माना तो बुरा होगा, पुतिन ने दिया जवाब- तीसरा विश्वयुद्ध

**मॉस्को।** अमेरिका बिना बुलाया मेहमान और चौधरी बनने का मौका कहीं नहीं छोड़ता। कई बार उसे दो टूक जवाब भी मिल जाता है। हाल ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा कि वो आग से खेल रहे हैं और अगर स्थिति नहीं सुधरी तो रूस के लिए वाकई बहुत बुरी चीज़ें हो सकती हैं। इसके जवाब में रूस ने भी खुली धमकी दी है- हमें एक वाकई बुरी चीज पता है–तीसरा विश्व युद्ध!



ट्रंप का बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन पर अमेरिका की कड़ी प्रतिक्रिया का हिस्सा है। बीते दिनों यूक्रेन में बड़े ड्रोन हमले के बाद ट्रंप ने पुतिन को पूरी तरह पागल तक कह दिया था। अमेरिका इस समय रूस पर नए प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है, और ऐसे में यह बयान कूटनीतिक दबाव बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर लिखा, अगर मैं न होता तो रूस के लिए अब तक वाकई बहुत बुरा हो चुका होता। और मेरा मतलब वाकई बहुत बुरा है। पुतिन आग से खेल रहे हैं! पश्चिमी देशों ने पुतिन पर आरोप लगाया है कि वह जानबूझकर शांति वार्ताएं टाल रहे हैं, जबकि रूस का कहना है कि यूक्रेन उनके नागरिकों पर हमले कर रहा है।

## कैश कांड: जस्टिस यशवंत वर्मा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, संसद में महाभियोग की तैयारी में सरकार!

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच समिति द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बाद केंद्र सरकार दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आगामी मानसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह कदम सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की सिफारिश के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की अनुशंसा की थी।



# विजय शाह केस: सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सुनवाई से रोका, एसआईटी को जुलाई तक वक्त

**भोपाल/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से विवादों में घिरे मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामला सुना। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सुनवाई करने से रोक दिया है। एसआईटी को जांच करने के लिए जुलाई तक का समय दिया है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- एसआईटी ने 21 मई को जांच की, वो बयान देने वाली जगह गई थी। मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए। गवाहों के बयान लिए गए। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वो हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे।एसआईटी ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी। एसआईटी ने कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए विशेष जांच दल का गठन कर उसे 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सूत्रों का कहना है कि मंत्री का वीडियो में रिकॉर्ड बयान ही बड़ा सबूत है। उन्होंने माफी मांगने का तीसरा वीडियो जारी कर ये भी साबित कर दिया कि उनका बयान आपत्तिजनक था। एसआईटी ने 11 मई को महू के रायकुंडा गांव में हुए हलमा कार्यक्रम के मंच पर मौजूद लोगों के बयान भी अपनी रिपोर्ट में दर्ज किए हैं। यहीं विजय शाह ने कर्नल कुरैशी को आतंकियों की बहन बताया था।



एसआईटी ने प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। रिपोर्ट में कुछ चौंकाने वाले तथ्य हो सकते हैं। माना जा रहा है कि एसआईटी विजय शाह का बयान भी दर्ज कर सकती है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की है। हालांकि भाजपा ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।पार्टी नेतृत्व ने साफ किया है कि वह एसआईटी रिपोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेगी। यदि रिपोर्ट में विजय शाह को दोषी ठहराया गया और सुप्रीम कोर्ट का रुख सख्त रहा, तो उनके लिए मंत्री पद बचाना मुश्किल हो सकता है।

## बिना परमिशन पेड़ काटे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए अधिकारी पर लगाया 25 हजार जुर्माना

रिज एरिया में बिना परमिशन पेड़ काटे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट मे चल रही अवमानना कार्रवाई के मामले में कोर्ट ने डीडीए के अधिकारी पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई बंद कर दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में इन अधिकारियों के खिलाफ चल रही विभागीय जांच जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि तत्कालीन डीडीए के वाइस चेयरमैन जो अब उस पद पर नहीं है उसके खिलाफ अवमानना का मामला नहीं चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि 1996 के आदेश का पालन न करना, जिसके तहत पेड़ों की कटाई के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता थी और फिर इस तथ्य को छिपाया गया कि पेड़ पहले ही काटे जा चुके हैं। ये अक्षम्य है और जानबूझकर जानकारी नहीं देकर एक गलत मिसाल कायम की गई।

### कोर्ट ने 3 सदस्यों की कमेटी बनाई

अदालत ने तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। अगर कमेटी को लगता है कि रिज एरिया में काटे गए पेड़ों की जगह नए पेड़ लगाने जरूरत है, तो योजना बनाकर इसे शुरू किया जा सकता है। तीन सदस्यीय कमेटी समय-समय पर स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। कोर्ट ने डीडीए को निर्देश दिया है कि वह कनेक्टिंग रोड का काम पूरा करे। कमेटी कनेक्टिंग रोड के तरफ पेड़ों को लगाने की भी संभावना तलाशेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन लोगों की पहचान की जानी चाहिए जो संपन्न हैं और जिन्हें इस सड़क का फायदा उठाया है।

## सुख-शांति का मार्ग-आत्मिक जुड़ाव



दूसरों का गला काट कर, दूसरों की संपत्ति का विध्वंश कर, दूसरों को लूट कर कोई महान नहीं बन सकता7 जो दूसरों के विनाश में ही पूर्णता खोज रहे हैं, उन्हें कहीं भी सुख-शांति नहीं मिलेगी7 पूर्णता की खोज में मनुष्य ने पूँजीवाद, साम्यवाद, समाजवाद, फासीवाद, सेकुलरवाद, जैसे अनेक वाद खोजे, और अनेक मत-मतान्तरों, पंथों व सम्प्रदायों का निर्माण किया7 पर किसी से भी मनुष्य को सुख-शांति नहीं मिली7 इन सब ने मनुष्यता को कष्ट ही कष्ट दिए हैं7 पूर्णता तो निज आत्मा में है, कहीं बाहर नहीं7 पूर्ण तो सिर्फ परमात्मा है जिस से जुड़ कर ही हम पूर्ण हो सकते हैं, दूसरों के गले काट कर नहीं7

### परशुराम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

# ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए योजनाओं की मांग



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

ब्राह्मण एकता अस्मिता सहयोग संस्कार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें ब्राह्मण समाज के आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कल्याण हेतु योजनाओं की मांग की गई। ज्ञापन में परशुराम छात्रवृत्ति योजनाकोचिंग एवं करियर मार्गदर्शन, स्वरोजगार एवं स्टार्टअप योजना, ब्राह्मण विवाह सहायता, पुजारी सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा, मंदिर संरक्षण नीति, भगवान परशुराम सांस्कृतिक भवन, गुरुकुल एवं संस्कार केंद्र, वरिष्ठ नागरिक सेवा, सेवा पोर्टल व हेल्पलाइन तथा जिला स्तरीय परशुराम समिति के गठन जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्राह्मण समाज की परंपरागत भूमिका और योगदान को देखते हुए उसकी सामाजिक सुरक्षा और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना समय की मांग है। इस अवसर पर मंच की ओर से पं. राकेश चतुर्वेदी, प्रेम गुरु, अरुण द्विवेदी, अजय पांडेय, राजेश पाठक, नरेश तिवारी, सचिन मिश्रा, डॉ. वंदना मिश्रा, रमन तिवारी अरविंद मिश्रा अरविंद शुक्ला अभिषेक दुबे उपस्थित रहे। अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेकर शासन तक पहुँचाने का आश्वासन दिया।

# भगवान देवनारायण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया



**भोपाल।** संगीतमय श्री देव नारायण भगवान की कथा का आयोजन राम जानकी मंदिर अवधपुरी कुठार धाम भोपाल में 25 मई से 31 मई तक शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक हो रहा है भगवान श्री देवनारायण की कथा में राष्ट्रीय संत श्री सांवरिया गुर्जर ने भगवान देवनारायण के जन्म उत्सव की कथा सुनाई एवं भगवान देवनारायण का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से सभी ग्राम वासियों द्वारा मनाया गया।

# देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू को पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस ने किया याद



**संत हिरदाराम नगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, आनंद सबधाणी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एव? पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, प्रवक्ता महेश गुरबानी सहित कई उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रुप में नेहरू भारत को नई ऊंचाईयों तक ले गए। सुई से लेकर बड़े-बड़े उद्योग यहां पर स्थापित हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि नेहरू के नेतृत्व में पुरे विश्व में भारत की एक अलग पहचान बनी। माधु चांदवानी ने कहा कि भोपाल में स्थापित बीएचएल भी नेहरू की देन है जिसमें लाखों कर्मचारियों को रोजगार मिला। अंत में यहां पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# शहरी क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये दीनदयाल जन-आजीविका योजना

**भोपाल।** शहरी क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लागू दीनदयाल जन-आजीविका योजना ?(शहरी) भोपाल, इंदौर और उज्जैन जिले में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने 23 सितम्बर 2013 में स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) के स्थान पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना - ÷राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन÷ (डे-एनयूएलएम) को शुरू किया था। डे-एनयूएलएम योजना की अवधि प्रदेश में 30 सितम्बर 2024 को समाप्त हो गयी। इसके स्थान पर केन्द्र सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय ने एक अक्टूबर 2024 से देशभर में नवीन मिशन ÷दीनदयाल जन आजीविका योजना÷ (शहरी) लागू की है।

**दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन-** प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सितम्बर 2013 से सितम्बर 2024 तक 65 हजार 599 स्व सहायता समूह 2309 एरिया लेबल फेडरेशन और 106 सिटी लेबल फेडरेशन का गठन किया जा चुका है। इन संगठनों से जुड़कर 6 लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाओं ने शहरी स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने संगठन को मजबूती प्रदान की है। मिशन के अंतर्गत 36 हजार 448 स्व सहायता समूहों को आवर्ती निधि के रूप में करीब 36 करोड़ 45 लाख रूपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। इसी प्रकार 633 एरिया लेबल फेडरेशन को आवर्ती निधि के रूप में 3 करोड़ 16 लाख 50 हजार रूपये प्रदाय किये जा चुके हैं। प्रदेश में 19 हजार 14 स्व सहायता समूहों को 185 करोड़ 40 लाख रूपये की राशि व्यावसायिक गतिविधियों के लिये ऋष्ठा के रूप में बैंकों से उपलब्ध कराई गई है।

**डे-एनयूएलएम योजना में व्यक्तिगत मदद-** प्रदेश में डे-एनयूएलएम योजना के स्वरोजगार कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय करने के लिये ऋष्ठा के रूप में आर्थिक मदद देने के प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश की करीब 30 हजार महिलाओं को 253 करोड़ रूपये की राशि ऋष्ठा के रूप में विभिन्न बैंकों से उपलब्ध कराई गई है।

# शनि मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन



**भोपाल।** अवधपुरी चौराहे पर शनि मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव शक्ति धाम शानी मंदिर अवधपुरी पर देव जन्म उत्सव के दिन प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण सनी भगवान से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण कर किए। प्रसाद में हलवा पीढ़ी। सब्जी वितरण किया गया। शनि धाम मंदिर के समिति के अध्यक्ष श्री राजेश्वर सिंह ने बताया कि इस मंदिर पर जो भी भक्त सच्चे मन और श्रद्धा से पूजा अर्चना करते हैं उनके हर मनोकामना शनिदेव पूर्ण करते हैं इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम को पूर्ण करने मे नवल सिंह जेपी प्रसाद कपिल भाई जी अभिजीत सिंह प्रदीप सिंह विकास मेहरा प्रिया यादव मधु भवनानी सूरज प्रताप सिंह महेश पंडित जी भक्तों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# केंद्रीय जेल में नेत्र रोग जांच शिविर में 240 बंदियों के नेत्र रोगों की जांच



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा केंद्रीय जेल भोपाल में नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्रीय जेल के 240 बंदियों की आंखों की जांच की गई। इनमें 203 पुरूष, 37 महिला रोगी शामिल थे। नेत्र रोगों की जांच में 60 रोगियों को दृष्टि दोष पाया गया इसके अलावा 44 रोगियों को सेवा सदन में आपरेशन हेतु रेफर किया गया। जबकि 150 रोगियों को ड्राप्स प्रदान किए गए। रोग परीक्षण में 5 को डायबिटीज़ और 13 को ब्लड प्रेशर की शिकायत मिली। इनके अलावा 80 रोगियों को चश्में प्रदान किये गये। शिविर में जेल अधीक्षक राकेश भांगरे, उप अधीक्षक एम.एस मरावी विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में सेवा सदन के आप्टोमेट्रिस्ट डी.पी. मिश्रा, अभय कुशवाह और अन्य सहयोगी स्टाफ ने सेवाएं दी।





### नेमीनाथ मंदिर में विधानमंडल की पूजन



**भोपाल।** नेमीनाथ ट्रस्ट मंदिर के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक वर्ष में श्री 1008 सिद्ध चक्र विधान मंडल एवं विश्व शांति हेतु महायज्ञ चल रहा हैञ इसके अंतर्गत आज नेमीनाथ मंदिर में विधानमंडल की पूजन की गई एवं भक्तों के द्वारा नृत्य किया गया। दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट भोपालके अध्यक्ष मनोज जेन बागा द्वारा बताया कि इस मंदिर में श्री 1008 सिद्ध चक्र विधान मंडल एवं विश्व शांति हेतु महायज्ञ किया जा रहा है।

# मंदिर में अर्पित फूलों और बेलपत्रों से स्थानीय महिलायें हो रहीं आत्मनिर्भर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले का पवित्र तीर्थ स्थल, श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आध्यात्मिकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठा कदम उठाया गया है। श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन और पुष्पांजलि इकोनिर्मित के सहयोग से मंदिर में अर्पित फूलों और बेलपत्रों के पुनर्चक्रण की एक अभिनव पहल शुरू की है, जो न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रतिदिन मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाले फूलों और अन्य पूजन सामग्री को अब बेकार नहीं जाने दिया जाता। ट्रस्ट द्वारा इन फूलों को एकत्रित कर स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के हाथों में सौंपा जा रहा है। ये इन फूलों को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदल रही हैं।

पुष्पांजलि इकोनिर्मित संस्था इन महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, मशीनें और आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है। इससे वे अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री, प्राकृतिक जैविक खाद और प्राकृतिक रंग जैसे उत्पाद तैयार कर रही हैं। स्व-सहायता समूह के यह उत्पाद न केवल मंदिर परिसर में, बल्कि स्थानीय बाजारों में भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिससे इन महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रही है। मंदिर में चढ़ावे के फूलों को भगवान का प्रसाद मानकर उपयोगी संसाधन में बदलकर यह मॉडल स्वच्छ भारत मिशन को भी सशक्त रूप से समर्थन दे रहा है।

श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के इस प्रयास को जिला प्रशासन का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। यह साझेदारी न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रही है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। यह मॉडल तीर्थ स्थल पर आस्था, पर्यावरण और आत्मनिर्भरता के संगम को दर्शाता है। श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग अब केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक ऐसा उदाहरण बन रहा है जो यह साबित करता है कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चल सकते हैं। इस राह पर चलकर महिलाएं समाज की नई शक्ति बनकर उभर रही हैं।

# कृषि वैज्ञानिकों ने दिया किसानों को मार्गदर्शन किया किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान

### कृषि उद्योग समागम में हो रहा आधुनिक तकनीकों और नवाचारों का भव्य प्रदर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में किये जा रहे अभिनव प्रयासों की श्रृखला में तीन दिवसीय 'कृषि उद्योग समागम' किसानों के लिए जानकारियों का महकुंभ सिद्ध हो रहा है। समागम के दूसरे दिन मंगलवार को कृषि से संबंधित नवीनतम यंत्रों, तकनीकों, बीजों और योजनाओं का व्यापक प्रदर्शन किया गया। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के वैज्ञानिकों ने जैविक खेती, कीट प्रबंधन, उन्नत बीज और मशीनों के उपयोग पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने पशुपालन, मृदा परीक्षण, जैव उर्वरक जैसे विषयों पर भी किसानों का मार्गदर्शन किया। नरसिंहपुर की कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि मेले में 90 से अधिक विभागीय स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें ड्रोन तकनीक, एआई युक्त कृषि उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, नैनो फर्टिलाइजर, जैविक उत्पाद और आधुनिक यंत्र किसानों को आकर्षित कर रहे हैं।

### प्रगतिशील तकनीक और यंत्रों का व्यापक प्रदर्शन

'कृषि उद्योग समागम' में एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने मवेशियों के लिए केटर डिंकिंग वाटर टेंकर, मोबाइल जीआई वाटर प्यूरिफायर, और मैकेनाइज्ड ग्रेन सेग्रेगेशन सिस्टम जैसे उन्नत यंत्र प्रदर्शनी में रखे गए हैं। तीर्थ एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात की राउंड बेलर, स्मार्ट प्लांटर, सुपर सीडर, थ्रेशर आदि मशीनें किसानों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। कृषि गति, पुणे के स्टॉल पर प्रदर्शित इलेक्ट्रिक बैल भी किसानों का कौतूहल बढ़ा रहा है। इससे बुआई, निदाई और कीटनाशक छिड़काव किया जा सकता है।

किसानों को प्रमाणित, उन्नत बीजों की जानकारी देने के लिये कुशवाहा बीज भंडार, नरसिंहपुर सहित कई स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉल्स पर हजारों किसानों ने जानकारी ली और बीजों की खरीद भी की। गाडरवारा के किसान श्री विजय पाल ने प्रदर्शनी में आम की विभिन्न प्रजातियों (राजापुरी, लंगड़ा, दशहरी, गोल्डन केसर आदि) रखे हैं। श्री विजय पाल ने किसानों को बताया कि एक एकड़ आम की खेती से दो वर्षों में 1.5 लाख रुपये तक की आमदनी होती है।

### राज्य भर के किसानों की भागीदारी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में नरसिंहपुर, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर जिलों से आए हजारों किसानों ने भाग लिया। भजन मंडली ने लोकगीत प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में आयोजित क्विज में सही उत्तर देने वाले किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई ने बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह परीक्षा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी के सक्षम नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया, जिसमें डॉ. हेमलता वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, भोपाल, मुख्य परीक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। परीक्षा में द्वितीय और तृतीय वर्ष की स्वयंसेवकों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। इस परीक्षा में मौखिक एवं व्यावहारिक मूल्यांकन का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. वर्मा ने स्वयंसेवकों से संवाद किया और उनके एनएसएस के मूल्यों, सामुदायिक सेवा प्रयासों तथा नेतृत्व कौशल की जानकारी का आंकलन किया। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने छात्राओं को एनएसएस को जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह मंच न केवल राष्ट्र निर्माण में सहायक है, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को निष्ठा के साथ सामाजिक सेवा करने और प्रभावी सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से संस्थान व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# महिलाएं संभालेगी अहिल्याबाई की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्था

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में जंबूरी मैदान पर आयोजित किए जा रहे महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक












सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राजधानी के जंबूरी मैदान पर आयोजित किए जा रहे महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने पति को गोली मारने के बाद हमारी बहन से कहा कि मोदी को बता देना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहन के सुहाग का बदला लिया और ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सेना ने दुश्मन को घर में घुसकर मारा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जिस सम्मेलन की व्यवस्था संभालने वाली मातृशक्ति की बैठक इतनी विराट है, वह सम्मेलन कितना भव्य होगा? प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्रसिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा से महिला सशक्तिकरण के साथ महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सरकारों ने नारी को नारायणी बनाने का काम किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्जवलन और कन्यापूजन के साथ हुआ। अतिथियों ने विशेष रूप से बनाए गए सेल्फी पाइट पर सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने एक नहीं अनेक आदर्श स्थापित किए हैं। वह बहू बनकर होल्कर परिवार में आई और बेटी के रूप में पूजी गई, ऐसा उन्होंने अपने कार्यों से ही कर सकी हैं। अहिल्या बाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन, देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार, न्यायप्रिय व्यवस्था और महिलाओं के सशक्तिकरण के कार्यों से आदर्श स्थापित किया है। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर अपनी सेना में भील बटालियन बनाई। देवी अहिल्याबाई ने विधवा विवाह की प्रथा शुरू कराई और बहनों की जिंदगी संवारने का कार्य किया। महेश्वर साड़ी का निर्माण शुरू कराकर महिलाओं के सशक्तीकरण की मिसाल पेश की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी महिला सशक्तीकरण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। किसी महिला का सुहाग छीना जाए तो ब्रम्हांड सुरक्षित नहीं रहता। पहलगाम में हुए कायराना हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, तो बदला लेना तो बनता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहनों का सिंदूर मिटाने का दुश्मन से ऐसा बदला लिया कि दुनिया ने भारत और भारत की सेना का शौर्य और पराक्रम देखा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को लोकमाता अहिल्याबाई की जयंती पर होने वाले महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में भाग लेने भोपाल आ रहे हैं। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें करीब 2.5 लाख बहनें भाग लेंगी। श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन की समूची व्यवस्थाओं का नेतृत्व बहनें ही करेंगी और कार्यकर्ता बंधु उनके पीछे रहेंगे। सभी बहनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी, उनका अलग-अलग काम होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सुबह 10.30 बजे सम्मेलन में पहुंच जाएंगे, इसलिए सभी बहनों को इस सम्मेलन के लिए व्यवस्थाएं सुबह से ही संभालनी होगी। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने मंदिरों की जीर्णोद्धार, सुशासन, महिला सशक्तीकरण और उन्हें स्वाबलंबी बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने जैसे काम किए। शर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने पर प्रधानमंत्री जी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को सबक सिखाया है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी 31 मई को महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में भाग लेने भोपाल आ रहे हैं और उनके स्वागत, सम्मान सहित कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं नारी शक्ति ही संभालेगी।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह कहा कि वैदिक काल से आज तक नारी शक्ति ने हर जिम्मेदारी को निभाकर आदर्श स्थापित किया है। 300 वर्ष पहले देवी अहिल्या बाई होल्कर ने अपने न्याय प्रिय शासन व्यवस्था, नारी सशक्तिकरण और सुशासन के साथ सांस्कृतिक विरासत संजोकर समाज में एक आदर्श स्थापित किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। 31 मई को भोपाल में होने वाले महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन की सभी व्यवस्थाएं आप सभी बहनें संभालेंगी। बहनों को जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उसको वह पूरी कर्मठता के साथ निभाती हैं। प्रधानमंत्री जी ने 26 जनवरी 2017 को परेड का नेतृत्व नारी शक्ति को सौंपा था।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि देवी अहिल्याबाई अपने कामों के बल पर एक सामान्य महिला से लोकमाता बनी। उनकी जयंती पर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरी तरह से महिला आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया में महिलाओं को बराबरी का दर्जा 1893 में मिला, जबकि भारतवर्ष में नारी सम्मान प्रारंभ से रहा है। रानी लक्ष्मीबाई, अवंती बाई, झलकारी बाई जैसी वीरांगनाओं ने देश की स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा में अद्वितीय योगदान दिया है और इन्हीं में से एक हैं लोकमाता अहिल्याबाई थी।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने किया और आभार महापौर मालती राय ने माना। कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, सीमा सिंह जादौन, कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया, महापौर मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, भोपाल जिला प्रभारी महेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना जाचक उपस्थित रही। कार्यक्रम में हजारों की संख्या नारी शक्ति शामिल हुई।

## पीएम मोदी 31 मई को करेंगे क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमि-पूजन



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान से वर्चुअल माध्यम से 'नमामि क्षिप्रा परियोजना' के तहत क्षिप्रा नदी पर घाट निर्माण कार्यों और स्टॉप डैम/बैराज/वेटेड कॉजवे निर्माण का भूमि-पूजन करेंगे। ये कार्य सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन, धार, इंदौर और देवास जिलों में प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री मोदी 778.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले घाटों और 83.39 करोड़ रुपये के जल संरचनाओं (बैराज, स्टॉप डैम, वेटेड कॉजवे) के निर्माण कार्यों की भी आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही 1.39 करोड़ रुपये की लागत से कालियादेह स्टॉप डैम के मरम्मत कार्य का भी भूमि-पूजन किया जाएगा।

### 29 किलोमीटर तक होगा घाट निर्माण

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि शनि मंदिर से नागदा बायपास तक क्षिप्रा नदी के दोनों तटों पर 29.21 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण होगा। इन घाटों पर स्नान और आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए वेटेड कॉजवे का निर्माण किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए नदी को अविरल एवं प्रवाहमान बनाए रखने हेतु स्टॉप डैम व बैराज निर्माण और पुरानी संरचनाओं की मरम्मत की योजना तैयार की गई है।

### 21 नए बैराज और स्टॉप डैम होंगे तैयार

नमामि क्षिप्रा और जल संसाधन विभाग द्वारा क्षिप्रा और कान्ह नदी पर कुल 21 बैराज/स्टॉप डैम का निर्माण प्रस्तावित है। देवास जिले में 7 बैराज जैसे गाजनोद खेड़ा, दखनाखेड़ी, पटाड़ा, रनायर, टिगरियागोगा, सिरोंज, बरोदपिपलिया (लगभग 27 करोड़ रुपये) उज्जैन जिले में 6 स्टॉप डैम जैसे किठ्ठोदाराव, पंथपिपलई, जमालपुरा, गोठड़ा, पिपलियाराघौ, रामवासा (लगभग 36 करोड़ रुपये) इंदौर जिले में 6 जल संरचनाएं जैसे ब्राम्हणपिपलिया, दर्जीकराड़िया, कुडाना, कायस्थखेड़ी, साहदा, मेलकलमा बैराज सह पुलिया (लगभग 20 करोड़ रुपये) कालियादेह स्टॉप डैम की मरम्मत उज्जैन नगर निगम द्वारा की जाएगी। इन संरचनाओं से क्षिप्रा नदी में जल प्रवाह नियंत्रित रहेगा, जिससे सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी।

### विकास की दिशा में अहम कदम

यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के 'नदी संरक्षण और तीर्थ विकास' विजन को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है। घाटों के निर्माण और जल संरचनाओं से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा, जल स्तर का नियंत्रण और स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। सिंहस्थ-2028 को भव्य और व्यवस्थित रूप देने की दिशा में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की जयंती पर दी श्रृद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोरखनाथ मठ के पूर्व पीठाधीश्वर एवं पूर्व सांसद, परम पूज्य महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि अवैद्यनाथ जी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन लोक कल्याण और सनातन संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनके प्रखर विचार एवं कृतित्व युगों-युगों तक जनसेवा और समाज उत्थान के प्रयासों को सुदृढ़ता देते रहेंगे। महंत अवैद्यनाथ जी महाराज नाथ संप्रदाय के प्रमुख संतों में से एक थे। उन्होंने आध्यात्मिक पथ पर समाज का मार्गदर्शन कर जनसेवा की मिसाल पेश की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर सावरकर जी की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी चिंतक और क्रांतिकारी विचारक स्व. श्री वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि अंग्रेजी दमनकारी हुकूमत ने वर्षों तक जेलों में अमानवीय यातनाएं दीं, लेकिन मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए समर्पित वीर सावरकर जी का संकल्प अटल रहा। वे असंख्य राष्ट्रभक्तों के मार्गदर्शक बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रद्धेय वीर सावरकर का चिंतन , प्रखर विचार एवं उनके उच्च जीवन मूल्य सदैव राष्ट्र सेवा के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

### टीबी मरीजों के लिए और अधिक प्रभावी दवाइयों की सुविधा

**भोपाल।**28 मई से एम डी आर टीबी मरीजों के लिए पहले से अधिक प्रभावी दवाइयां की सुविधा शुरू की जा रही है। प्रदेश में इसकी शुरुआत भोपाल जिले से की जा रही है। यह दवाइयां मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों के लिए बेहद उपयोगी है। बीपालएम उपचार पद्धति में चार दवाओं बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनज़ोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अनुसंधानों में पाया गया है कि इन दवाइयों का डोज पिछली एमडीआर-टीबी उपचार प्रक्रिया की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज़ उपचार विकल्प साबित हुआ है। पारंपरिक एमडीआर-टीबी उपचार 20 महीने तक चल सकते हैं, जबकि बीपीएएलएम उपचार पद्धति दवा प्रतिरोधी टीबी को केवल छह से नौ महीने में ठीक कर सकती है।

## सेहत के लिए वरदान कड़कनाथ मुर्गा बना भारत का काला सोना, हो रहा भारी मुनाफा



**झाबुआ।** कड़कनाथ मुर्गा अब विदेशों में भी लोकप्रिय हो गया है। इसकी पहचान काले रंग के शरीर और मांस से है। यह मुर्गा स्वस्थ लोगों के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसकी कीमत 800 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। खंडवा जिले के किसानों ने इसे बड़े पैमाने पर पालन करना शुरू कर दिया है। सरकार और कृषि संस्थान किसानों को प्रशिक्षण और मदद दे रहे हैं। कड़कनाथ मुर्गा अब नेपाल भूटान और मलेशिया जैसे देशों में निर्यात हो रहा है। यह किसानों के लिए आय का नया स्रोत बन गया है। कड़कनाथ मुर्गा मूलत: झाबुआ जिले की आदिवासी नस्ल है। जहां यह पहले केवल एक स्थानीय पहचान था, वहीं अब खंडवा जिले के किसान इसे बड़े स्तर पर पालन कर रहे हैं। खंडवा कृषि कॉलेज और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कड़कनाथ पालन की ट्रेनिंग, टीकाकरण और मार्केटिंग की सुविधा दी जा रही है। कड़कनाथ मुर्गा अब नेपाल, भूटान और मलेशिया जैसे देशों में भी लोकप्रिय हो चुका है। इसकी अनोखी गुणवत्ता और स्वास्थ्य लाभ की वजह से विदेशों में इसके निर्यात में तेजी आई है। राकेश पाटीदार, खंडवा के किसान बताते हैं कि हमने शुरुआत 50 मुर्गों से की थी। अब हमारी आय 25-30 हजार रुपए प्रति महीने है। विदेशों से भी मांग बढ़ रही है।

## कैबिनेट स्वीकृत पदों पर समय-सीमा में करें भर्ती : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



### यूजी पीजी सीट के लिए अधोसंरचना विकास और उपकरण खरीदी कार्य प्राथमिकता से करें पूर्ण

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर समय-सीमा में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा स्वीकृत पदों की भर्ती में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने यूजी/पीजी सीट्स के अपग्रेडेशन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों में सीट वृद्धि के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। इसके साथ ही आवश्यक उपकरणों की खरीदी प्रक्रिया को भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि समयसीमा में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सभी मापदंड पूरे किए जा सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि नियमित फॉलो-अप कर कार्यों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने यह भी निर्देश दिए कि ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने हिंदी में एमबीबीएस के लिए आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता मेडिकल कॉलेज में सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री से बूटेक्स इम्पेक्स टेक के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य भेंट



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का पर्यावरण अनुकूल, सतत एवं संवहनीय विकास का विजन भारत को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में समर्थ बना रहा है। इस दिशा में पूरे भारत में प्रयास किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से निवास कार्यालय भोपाल में बूटेक्स इम्पेक्स टेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार उद्योगों को सभी आवश्यक सुविधाएं एवं नीति-गत सहयोग देने के लिए सतत कार्य कर रही है। राज्य में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की गति अब सतत विकास के सिद्धांतों से जुड़कर तेज़ी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों का अध्ययन करे और ग्रीन बिल्डिंग्स व पर्यावरण अनुकूल अधोसंरचनाओं की दिशा में राज्य सरकार के साथ सहभागिता करे। कंपनी प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को भारत में नेट जीरो एमिशन बिल्डिंग्स के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों एवं पूर्ण किए गए प्रोजेक्ट्स की विस्तार से जानकारी दी।

**संपादकीय**

## पाकिस्तान को प्रधानमंत्री मोदी का आखिरी इशारा

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर वह आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ेगा, तो उसे और बुरे नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस सूझबूझ और शौर्य के साथ पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह एक बड़ी मिसाल है। उसके बाद पाकिस्तान के हुक्मरान भी सोचने पर विवश हुए कि आतंकवाद को पोसने का इतना बड़ा खमियाजा देश को उठाना पड़ा है। मगर चूंकि वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आतंकवाद को भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं, इसलिए वे अब भी अपने रास्ते में बदलाव को तैयार नहीं दिख रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात को जोर देकर रेखांकित किया कि पाकिस्तान का एकमात्र मकसद भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री के इस बयान पर पाकिस्तान की तिलमिलाहट स्वाभाविक है। तुरंत इसके जवाब में उसने प्रतिक्रिया दी कि भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान से इस क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा हो गया है, जबकि पाकिस्तान अमन चाहता है। हालांकि इस तरह की विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं वह सदा से देता आया है। आपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सरकार ने दुनिया के अलग-अलग देशों में पाकिस्तान की हकीकत बताने और अपना पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने भी गुजरात में दो दिन की रैली की। उसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। सरकार ने बार-बार रेखांकित किया है कि आपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित है, वह समाप्त नहीं हुआ है। यानी वह अब भी सक्रिय है और पाकिस्तान की हरकतों पर नजर बनाए हुए है। जाहिर है, इससे पाकिस्तान में घबराहट है। बेशक वह कहता है कि भारत के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है, मगर हकीकत यही है कि जिस दौर से वह गुजर रहा है, फिलहाल वह किसी भी तरह के सैन्य संघर्ष का बोझ वहन कर पाने की स्थिति में नहीं है। अगर वह सचमुच भारत का मुकाबला कर सकने की स्थिति में होता तो, जैसा कि भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी आपरेशन सिंदूर पर विराम लगाने की गुहार न लगाते। ऐसी स्थितियों में उसके नेता बेशक सार्वजनिक बयानों में भारत पर हमला करते रहे हों, पर जमीनी हकीकत हमेशा उससे दूर रही है। हकीकत यह है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी स्थितियों से ही काफी परेशान है। उसकी माली हालत खस्ता हो चुकी है। कर्ज और इमदाद के भरोसे उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। बलूचिस्तान के विद्रोही उसकी नाक में दम किए हुए हैं। इधर भारत ने सिंधु जल समझौता और व्यापारिक गतिविधियां स्थगित करके और परेशानी पैदा कर दी है।

ऊपर से भारत पूरी दुनिया में उसकी असलियत बताने में जुटा है। इस तरह पाकिस्तान पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में लगातार अलग-थलग पड़ता गया है। ऐसे में उसके हुक्मरान को अपनी सेना और खुफिया एजंसी की भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाने के रास्ते तलाशने ही होंगे। प्रधानमंत्री ने फिर से भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके लिए पाकिस्तान को सबक सिखा कर रहेगा।

# महिला सशक्तीकरण की नई कहानी लिख रहा है मध्यप्रदेश: आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम

### राज्य सरकार महिलाओं को केवल सहयोग नहीं, बल्कि सम्मान और स्वावलंबन की नई पहचान देने की दिशा में काम कर रही है।

### आज मध्यप्रदेश सिर्फ योजनाएं नहीं बना रहा, वह एक ऐसी सोच का निर्माण कर रहा है जहां महिला होना कमजोरी नहीं, शक्ति का पर्याय है।

**बिन्दु सुनील**

यह बदलाव धीरे-धीरे हर घर, हर गांव और हर शहर में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तीकरण के लिये निरंतर प्रयासरत होकर सक्रियता पूर्वक कार्य कर रहे है। उनका कहना है कि हम नारी सशक्तीकरण को केवल योजना के रूप में नहीं जन आंदोलन के रूप में देख रहे है। नारी शक्ति मिशन हमारे इस दृष्टिकोण का विस्तार है जिसमें हर जिले से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

### कामकाजी महिलाओं को मिलेगा अब अपना सुरक्षित आवास

प्रदेश में इंदौर और भोपाल में 250 बेड क्षमता के 3 वर्किंग वुमन हॉस्टल संचालित है। इसके अतिरिक्त स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना में वर्ष 2024-25 में 5412 बिस्तरीय 8 नये हॉस्टलों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 4 महिला एवं बाल विकास विभाग और 4 उद्योग विभाग द्वारा संचालित किये जायेगे। इसमें सिंगरौली, देवास, नर्मदापुरम और झाबुआ में 100-100 बिस्तरों के 4 हॉस्टलों के लिए 40.59 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अब घर से दूर काम करने वाली महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा।

### जब ज़िंदगी मुश्किल हो, तब साथ देता है वन स्टॉप सेंटर

घरेलू हिंसा, शोषण या किसी भी संकट में फंसी महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। प्रदेश में 57 वन स्टॉप सेंटर पहले से ही संचालित हैं। जिनके माध्यम से वर्ष 2024-25 में 31 हजार 763 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई। अब 8 और नए सेंटर मंजूर किए गए हैं- पेटलावद, पीथमपुर, मनावर, लसूडिया, साबेंर, मैहर, पांढूर्णा और मऊगंज में वन स्टॉप सेंटर की मंजूरी दी गई है। अब तक कुल एक लाख 27 हजार 94 संकटग्रस्त महिलाओं को इन केन्द्रों से लाभ मिल चुका है।

### एक कॉल, और मदद हाजिर

महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। यानी अब कोई भी महिला मुसीबत में हो तो सिर्फ एक कॉल से पुलिस, काउंसलिंग, आश्रय और कानूनी मदद सब एक साथ मिल सकती है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है।

### बहनों के हक की कमाई: सीधे उनके हाथ में

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। न केवल पैसा, बल्कि डिजिटल साक्षरता भी दी जा रही है ताकि बहनें सिर्फ उपभोक्ता नहीं, डिजिटल युग की सहभागी बनें।



### सशक्त वाहिनी से बदलाव 156 को मिली नौकरी

'सशक्त वाहिनी' के तहत हजारों बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और आत्म रक्षा प्रशिक्षण मिला है। इसके तहत 11 हजार से अधिक बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये शैक्षणिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 156 युवतियों का विभिन्न सरकारी पदों पर चयन हुआ। साथ ही 2.6 लाख से अधिक महिलाओं ने सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान में भाग लिया।

### छोटे कदम, बड़ी उड़ान लाड़ली लक्ष्मी योजना

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रूपये से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में विगत वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी मध्यप्रदेश द्वारा शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदाय की गई। वर्ष 2024-25 में लगभग 6 लाख 30 हजार 929 हितग्राही महिला पंजीकृत किये गये।

### आत्म-निर्भरता की राह पर महिला उद्यमिता

मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

### कठिन वक्त में शक्ति-सदन बन रहा सहारा


ऐसी महिलाएं और बच्चियां जो बेहद कठिन हालात में हैं, उनके लिए 13 जिलों में 14 शक्ति सदन संचालित किये जा रहे हैं, जहां उन्हें सुरक्षित अस्थायी आश्रय मिलता है। वर्ष 2024-25 में एक हजार 824 महिलाएं और 461 बच्चे लाभान्वित हुए है। आगामी समय में सभी 10 संभागीय मुख्यालयों में शक्ति सदन स्थापित किये जायेगें।

### एक राज्य, एक संकल्प - नारी शक्ति को देना सम्मान

राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता हम होंगे कामयाब अभियान चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया। निश्चित ही सरकार के इन प्रयासों से मध्यप्रदेश में महिलाएँ स्वाबंलबी हो रही है और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर रही है।

**-(लेखक जनसंपर्क विभाग में उप संचालक हैं।)**

# अब राजा भभूत सिंह के नाम से जाना जाएगा पचमढ़ी




**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

तीन जून 2025 की तारीख पचमढ़ी के लिए बहुत खास होने वाली है। 'विरासत के साथ विकास' की कड़ी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कैबिनेट बैठक को नर्मदांचल के शिवाजी यानि राजा भभूत सिंह को समर्पित करने वाले हैं। मध्यप्रदेश की विभूतियों को समर्पित कैबिनेट बैठकों की लंबी श्रंखला हो गई है। रानी दुर्गावती हों, देवी अहिल्या हों या फिर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाले दूसरे महान व्यक्तित्व और विरासत को संजोए शहर, नगरज्अब इसी कड़ी में राजा भभूत सिंह को पूरा प्रदेश, देश और दुनिया जान सकेगी। पचमढ़ी में होने वाली कैबिनेट बैठक बहुत बड़ा संदेश देकर तीन जून को कुछ खास बनाएगी। जिससे पचमढ़ी के साथ पर्यटक राजा भभूत सिंह को भी याद रखेंगे और पचमढ़ी खाली हिल स्टेशन नहीं बल्कि राजा भभूत सिंह के नाम से भी पहचाना जाएगा।

आइए थोड़ा सा जानते हैं कि राजा भभूत सिंह कौन थे? नर्मदांचल के शिवाजी, पहाड़ी रास्तों के हर कोने से वाकिफ, अंग्रेजों के लिए एक पहेली थे राजा भभूत सिंह। देनवा घाटी में जब अंग्रेजी मिलिट्री और मद्रास इन्फेंट्री की टुकड़ियों से युद्ध हुआ, तो अंग्रेजी सेना को बुरी तरह हार का स्वाद चखाने वाले थे राजा भभूत सिंह। नर्मदांचल में 1857 की क्रान्ति का सूत्रपात करने वाले थे राजा भभूत सिंह की। इसीलिए उनके सम्मान में मध्यप्रदेश कैबिनेट की बैठक पचम?ी में आयोजित होने जा रही है। उनके किस्से पचम?ी और नर्मदांचल में काफी मशहूर हैं।

सतपुड़ा की घनी वादियों में हर्राकोट राईखेड़ी वंश के वीर राजा भभूत सिंह का जन्म हुआ था। उनके रक्त में उनके दादा, ठाकुर मोहन सिंह की वीरता की धरोहर बसी थी, जिन्होंने 1819-20 में नागपुर के पराक्रमी पेशवा अप्पा साहेब भोंसले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया था। उनके दादा ठाकुर मोहन सिंह ने सीताबर्डी के युद्ध में पेशवा अप्पा साहेब का साथ दिया। अंग्रेजों ने अपनी चालाकी और ताकत से पेशवा को अपमानजनक संधि के लिए मजबूर किया, लेकिन अप्पा साहेब चुप बैठने वालों में से न थे। वे भेस बदलकर नर्मदांचल की ओर निकल पड़े, शक्ति जुटाने के लिए। महादेव की पहाड़ियों में छिपकर उन्होंने गुप्त रूप से आदिवासी समुदाय को संगठित किया, अंग्रेजों के खिलाफ एक चिंगारी सुलगाने की तैयारी में। इसी दौरान ठाकुर मोहन सिंह ने अप्पा साहेब का साथ दिया, और उनकी वीरता की प्रेरणा से युवा भभूत सिंह ने 1857 की सशस्त्र क्रांति का बीड़ा उठाया। सतपुड़ा की गोद में, स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी तात्या टोपे के आह्वान पर, भभूत सिंह आजादी की मशाल लेकर निकल पड़े। अक्टूबर 1858 के अंतिम सप्ताह में, तात्या टोपे ने अंग्रेजों की आंखों में धूल झोंकते हुए, ऋषि शांडिल्य की तपोभूमि सांडिया के पास नर्मदा नदी पार की। वहां, महुआखेड़ा फतेहपुर के राजगौंड राजा ठाकुर किशोर सिंह ने अंग्रेजों की परवाह न करते हुए तात्या का भव्य स्वागत किया। पचमढ़ी की सुरम्य वादियों में, भभूत सिंह और तात्या टोपे ने मिलकर आजादी के आंदोलन की योजना बनाई। आठ दिनों तक उन्होंने सतपुड़ा की गोद में डेरा डाला, आगे की रणनीति तैयार की।



हर्राकोट के जागीरदार भभूत सिंह का आदिवासी समाज पर गहरा प्रभाव था। एक बार सोहागपुर से आए थानेदार ने उनसे मुर्गियों की मांग की, जिसे भभूत सिंह ने अपमानजनक माना। बस, यहीं से उनके दिल में विद्रोह की चिंगारी भड़क उठी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल बजा दिया और इस क्षेत्र में अंग्रेजों को चैन से बैठने न दिया। फतेहपुर और शोभापुर के राजाओं का साथ मिलने से भभूत सिंह की ताकत और बढ़ गई। उनकी रणकुशलता शिवाजी जैसी थी। पहाड़ी रास्तों के हर कोने से वाकिफ भभूत सिंह, अंग्रेजों के लिए एक पहेली बन गए, जो इस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों से अनजान थे। देनवा घाटी में जब अंग्रेजी मिलिट्री और मद्रास इन्फेंट्री की टुकड़ियों से भभूत सिंह का युद्ध हुआ, तो अंग्रेजी सेना बुरी तरह परास्त हुई। 1865 की सेटलमेंट रिपोर्ट में अंग्रेज अधिकारी एलियट ने भभूत सिंह के इस विद्रोह का जिक्र किया, जिसमें उनकी पूरी ताकत से अंग्रेजों को चुनौती दी गई थी।

अपनी छापामार युद्ध नीति के कारण भभूत सिंह को नर्मदांचल का शिवाजी कहा जाता था। एलियट ने लिखा कि उन्हें पकड़ने के लिए मद्रास इन्फेंट्री को बुलाना पड़ा था। 1860 तक भभूत सिंह अपनी सेना के साथ अंग्रेजों से लगातार जूझते रहे, और अंग्रेज बार-बार हारते रहे। आखिरकार, दो साल की अथक कोशिशों के बाद, अंग्रेजों ने भभूत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। 1860 में जबलपुर में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। कुछ कहानियाँ कहती हैं कि उन्हें फाँसी दी गई, तो कुछ का मानना है कि गोलियों से छलनी कर दिया गया।

सतपुड़ा के घने जंगलों में मधुमक्खियों के छत्तों का भी भभूत सिंह ने युद्ध में इस्तेमाल किया था। पिपरिया से पचमढ़ी रोड पर सिमारा गाँव में उनकी ड्योढ़ी थी। आदिवासी जागीरदार के रूप में विख्यात, भभूत सिंह को नर्मदा क्षेत्र का वीर सपूत माना जाता है। 1857 के विद्रोह में उन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया। तात्या टोपे के सहयोगी के रूप में, और आज के बोरी क्षेत्र के जागीरदार के तौर पर, उनकी वीरता की गाथाएं आज भी लोकमानस में जीवंत हैं, जैसे सतपुड़ा की हवाएं जो उनकी कहानी को गुनगुनाती हैं।

तो जिस तरह महाराज शिवाजी ने अपने शौर्य, साहस और पराक्रम के साथ छापामारी युद्ध से मुगलों को नाकों चने चबवाए थे, उसी तरह राजा भभूत सिंह ने आजादी की पहली लड़ाई में पचमढ़ी के आसपास अंग्रेजों को छापामार युद्ध से कई बार धूल चटाई थी। पर समय के साथ-साथ हमारे यर गौरव सीमित क्षेत्र में सिमट गए। डॉ. मोहन यादव के विरासत संग विकास की कड़ी में पचमढ़ी का यह गौरवशाली व्यक्तित्व अब जन-जन की जुबान पर आकर गौरवान्वित करेगाज्यही उम्मीद है।

# षटकर्म - जब शरीर शुद्ध होता है, तो आंतरिक विकार दूर होते हैं और अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है



**योग गुरु महेश अग्रवाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रो? भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि षट्कर्मों के माध्यम से, इड़ा और पिंगला, प्राण के दो मुख्य प्रवाह के सामंजस्य स्थापित होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक और मानसिक शुद्धता और संतुलन होता है। षट्कर्म वात, पित्त, और कफ शरीर में निर्मित तीन विकारों को भी संतुलित करते हैं। आयुर्वेद और हठ योग के अनुसार इन तीनों विकारों में कोई भी असंतुलन रोग को जन्म देता है। प्राणायाम और योग के अन्य उच्च अभ्यासों से पहले भी षट्कर्मों का उपयोग किया जाता है ताकि शरीर रोग से मुक्त हो जाए और आध्यात्मिक पथ पर कोई बाधा उत्पन्न न हो । इन शक्तिशाली अभ्यासों को केवल पुस्तक में पढ़कर या अनुभवहीन लोगों से सीखकर कभी नहीं किया जाना चाहिए। परंपरा के अनुसार, एक व्यक्ति को गुरु द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद ही दूसरों को सिखाने का अधिकार होता है। यह आवश्यक है कि ये निर्देश व्यक्तिगत रूप से दिए गए हों, जिसमें व्यक्ति की आवश्यकताओं के अनुसार अभ्यास कब और कैसे करना है, इसका ज्ञान भी शामिल है।

**योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि षट्कर्म करना मतलब छह प्रकार के शुद्धिकरणों की क्रिया करना:** - धौति, बस्ती, नेति, लौलिकी (जिसे नौली भी कहा जाता है), त्राटक और कपालभाति। षट्कर्म शरीर को शुद्ध करते हैं। हालाँकि, उनका उद्देश्य न केवल शारीरिक शुद्धि है, बल्कि आंतरिक शुद्धि भी है। जब शरीर शुद्ध होता है, तो आंतरिक विकार दूर होते हैं और अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस तरह की शुद्धि के बिना शरीर योग के उच्च अभ्यासों के लिए तैयार नहीं होगा। शुद्धिकरण के बाद मनुष्य इस पृथ्वी पर अधिक समय तक जीवित रहता है। उपनिषदों और वेदों में कई स्थानों पर यह कहा गया है कि मनुष्य सौ वर्षों तक जीवित रहता है, जीवम शारदं शतम। यह केवल वेदों, उपनिषदों या प्राचीन दर्शनों की सोच नहीं है, यह सत्य है। यदि मनुष्य स्वस्थ और रोगमुक्त रहता है तो सौ वर्ष या उससे अधिक समय तक जीवित रहना स्वाभाविक है। कोशिकाओं की सटीक अनुवांशिक प्रतिलिपि उस समय तक जारी रह सकती है यदि प्रोग्रामिंग अशुद्धियों या असंतुलन से बाधित नहीं होती है।

**अस्वस्थता के कारण :-** खराब स्वास्थ्य का मूल कारण शरीर में अशुद्धियाँ हैं जो विकार पैदा करती हैं। अशुद्धता का अर्थ केवल अपशिष्ट पदार्थ नहीं है, बल्कि शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक अशुद्धता है।

**शारीरिक और आहार असंतुलन:-** शारीरिक अशुद्धता मुख्य रूप से आहार, उसके गुणों और दोषों से संबंधित है। उदाहरण के लिए, भोजन का समय अक्सर इस पर आधारित नहीं होता है कि शरीर के लिए सबसे अच्छा क्या है। बहुत से लोग देर से उठते हैं, दस बजे नाश्ता करते हैं, दो बजे दोपहर का भोजन करते हैं और रात को आठ से नौ बजे के बीच रात का खाना खाते हैं। इसके अलावा, भोजन में कई अशुद्ध तत्व होते हैं, जिनमें कृषि में उपयोग किए जाने वाले उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष शामिल हैं।







इस तरह की अशुद्धियों को आहार से पूरी तरह से हटाया नहीं जा सकता है क्योंकि अधिकांश लोग भोजन खरीदने पर निर्भर करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से भोजन के समय में कुछ समायोजन शरीर की प्राकृतिक दिनचर्या के अनुसार किया जा सकता है। परिणाम स्वास्थ्य में सुधार होगा। वैदिक परंपरा इस बात पर जोर देती है कि भोजन सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले किया जाना चाहिए, लेकिन आज लोग इस तरह की सोच में विश्वास नहीं करते हैं या इस सलाह का पालन नहीं करते हैं, हालांकि जैन अभी भी सख्त आहार अनुशासन का पालन करते हैं। सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद क्यों नहीं खाना चाहिए? शरीर के बायोरिदम से जुड़े इस सिद्धांत के पीछे एक वैज्ञानिक कारण है। सौर जाल पाचन तंत्र से जुड़ा होता है और सूर्य द्वारा सक्रिय होता है। इस महत्वपूर्ण तथ्य को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। यह बताता है कि इस सरल नियम का पालन करना बीमारी से मुक्त रहने का पहला कदम क्यों है। आयुर्वेद में शरीर को रोगमुक्त रखने का दूसरा नियम यह है कि पेट का पचास प्रतिशत पौष्टिक भोजन से, पच्चीस प्रतिशत पानी से और शेष पच्चीस प्रतिशत को खाली रखना चाहिए। आम तौर पर, हालांकि, लोगों की खाने की आदतें इस मॉडल से काफी भिन्न होती हैं। जब अच्छा भोजन होता है, तो वे लालच और स्वाद की भावना के कारण आवश्यकता से अधिक खाने की प्रवृत्ति रखते हैं। उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल जैसे रोग अक्सर परिणाम होते हैं। रक्त या पेट के विकार अक्सर अनियंत्रित आहार के कारण होते हैं क्योंकि वात, पित्त और कफ की मात्रा असंतुलित होती है। तीसरा नियम जो योग सुझाता है वह यह है कि भोजन दिन में दो या तीन बार लिया जाए, अधिक नहीं। पेट को इस तरह से विनियमित करने की आवश्यकता है क्योंकि जब भी भोजन पेट में प्रवेश करता है, तो पाचक रस उतनी ही मात्रा में उत्पन्न होते हैं। पेट बिस्कुट और खाने की पूरी थाली में फर्क नहीं करता, यह सिर्फ पाचक रस पैदा करता है। इसलिए यदि हर दस मिनट में एक बिस्किट खाया जाए, तो पेट दस बार पाचक रसों की उतनी ही मात्रा का उत्पादन करेगा, जो पेट के अल्सर या हर्निया में योगदान कर सकता है, और संभवतः जिगर की क्षति या गुर्दे की विफलता में योगदान कर सकता है। यदि सभी नियमित समय पर संतुलित आहार लें तो अस्सी प्रतिशत रोग और विकार समाप्त हो जाते हैं।

**मानसिक तनाव:** शरीर में विकारों का दूसरा कारण सोच के प्रकार से संबंधित है। यदि मन दुखी या तनावग्रस्त, ,चिंतित या परेशान है, तो भूख गायब हो सकती है और खाने का मन नहीं करेगा। जब बाहरी स्थिति या मानसिक स्थिति में गहरी भागीदारी होती है, तो इसका प्रभाव शरीर पर पड़ता है। जब नकारात्मक विचार, चिंताएँ, अशांति और मानसिक तनाव उत्पन्न होते हैं, तो शरीर पर उनका हानिकारक प्रभाव पड़ता है और विकार या रोग जड़ पकड़ लेते हैं।

भावनात्मक चिंता- शारीरिक विकारों का तीसरा कारण भावनात्मक है। चिकित्सा विज्ञान ने इसका सुन्दर वर्णन किया है। यह दिखाया गया है कि जब कोई व्यक्ति सुख या दुःख की स्थिति में होता है, तो एड्रेनालिन नामक हार्मोन अधिवृक्क ग्रंथियों द्वारा स्रावित होता है। यह स्राव शरीर को अत्यधिक उत्तेजित करता है। इसका इंद्रियों से भी गहरा संबंध है। जब कोई किसी से लड़ता है, तो एड्रेनालिन स्रावित होता है, जिससे श्वसन की दर बढ़ जाती है। दिल की धड़कन भी तेज हो जाती है और इंद्रियां तुरंत सतर्क हो जाती हैं। %लड़ाई या उड़ान% प्रतिक्रिया सुख और दुख दोनों में होती है।

**आंतरिक अशांति :** चौथा कारण आध्यात्मिक है। यह एक अस्थिर मन के रूप में, मानसिक या आंतरिक उथल-पुथल के रूप में या संस्कारों और कर्मों की अभिव्यक्ति में प्रकट हो सकता है, इन सभी का शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

आधुनिक सभ्यता भौतिकवाद में गहराई से शामिल है, लेकिन षट्कर्म एक संपूर्ण योग अभ्यास का हिस्सा हैं, जो केवल भौतिक शरीर ही नहीं, बल्कि पूरे व्यक्ति की ओर उन्मुख होते हैं। षट्कर्म अभ्यास वे अभ्यास जो आंतरिक अंगों के कामकाज को नियंत्रित करते हैं और उन्हें रोग से मुक्त करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## जीवनयापन के लिए दी गई आर्थिक सहायता



**मंडला।** निवास तहसील के ग्राम पनवाटोला निवासी सुमंत्राबाई/मनीराम मार्को ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण जीवनयापन के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। प्रार्थिया के आवेदन का परीक्षण करने के बाद भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का चैक प्रार्थी परिवार को अपर कलेक्टर मंडला श्री राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर सचिव रेडक्रॉस सोसायटी, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे तथा प्रबंधक श्री यशवंत डिके उपस्थित रहे।

### जय हिंद सभा की तैयारी बैठक

# अब डरने का नहीं, लड़ने का समय है: जीतू




**जबलपुर।** जबलपुर में आगामी 31 मई को आयोजित होने जा रही जय हिंद सभा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इस सभा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कटनी में आयोजित विशेष बैठक को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

**बैठक को संबोधित करते हुए श्री पटवारी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा:** यह लड़ाई विचारों की है, यह लड़ाई संविधान बचाने की है। हमारे ऊपर मुकदमे होंगे, हमारे परिवारों को भी डराने की कोशिश की जाएगी – लेकिन हमें डरना नहीं है, डटकर मुकाबला करना है।उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा का लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं है।यह पार्टी तानाशाही मानसिकता की प्रतीक बन गई है। यह लोकतंत्र की संस्थाओं को गुलाम बनाना चाहती है। विधायक खरीदे-बेचे जा रहे हैं। संवैधानिक मूल्यों को कुचला जा रहा है। सेवा और शौर्य की राजनीति को खत्म कर षड्यंत्र और छल की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है।÷

**जय हिंद सभा जनसंघर्ष का नया मंच:** पटवारी ने घोषणा की कि 31 मई को होने वाली जय हिंद सभा केवल एक जनसभा नहीं होगी, बल्कि यह कांग्रेस के नए संघर्ष की शुरुआत होगी।

पटवारी ने बैठक में कहा एक दिन एक विधानसभा दौरा कार्यक्रम बनाया जा रहा है हमारा उद्देश्य सिर्फ भाषण देना नहीं, और संगठन को उनके साथ मिल बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच रुकना, उनसे बात करना, उनके दुख-सुख को समझना और संगठन को उनके साथ मिलकर मजबूत करना है।

**उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया:** जय हिंद सभा में आप सब पूरे जोश, जुनून और संख्या के साथ भाग लें। यह केवल उपस्थिति नहीं, हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन होगा। 31 मई की सभा जबलपुर में ऐतिहासिक होगी, जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस नेतृत्व हर विधानसभा में रात रुककर, जमीनी संवाद की परंपरा शुरू करेगा।भाजपा द्वारा फैलाए गए डर के माहौल के विरुद्ध कांग्रेस सच्चाई और साहस का परचम लहराएगी। इस बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी श्री रणविजय सिंह लोचव, संगठन उपाध्यक्ष श्री सुखदेव पांसे,जिला ,प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी,जिला ग्रामीण अध्यक्ष करणसिंह चौहान एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। पटवारी के प्रेरणादायक संबोधन के बाद कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा देखी गई और उन्होंने जय हिंद सभा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## शासन के अभियानों को प्राथमिकता से लें : सीएस




**मंडला।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से कमिश्नर, आईजी, डीआईजी तथा कलेक्टर्स की बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि शासन द्वारा समय-समय पर विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं, शासन के अभियानों को प्राथमिकता से लेना सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 की तैयारियों के संबंध में कहा कि 29 मई से 12 जून 2025 तक यह अभियान चलाया जायेगा, जिसमें कृषि और उससे जु? हुए विविध विषयों पर कृषकों को उपयोगी जानकारी दी जानी है इसके लिए दलों का गठन करते हुए शासन के निर्देशानुसार जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए इस अभियान को सफल बनाना है। परिवहन के विषय में उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बसों के परमिट, फिटनेस, इन्श्योरेंस, पीयूसी आदि की जाँच करें। स्कूल बस के लिए भी मापदंडों को अवश्य चैक करें। सभी क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करें। हेलमेट के लिए सतत रूप से अभियान चलाएं जिससे लोग जागरूक हों। वीसी में नरवाई प्रबंधन, खनिज संसाधन, अवैध उत्खनन एवं भंडारण, प्रदूषण नियंत्रण, सडक सुरक्षा, भू-अर्जन, राजस्व प्रकरण, समग्र ई-केवाईसी, ई-ऑफिस, मिशन कर्मयोगी, कर्मचारियों के लिए परामर्शदात्री समितियों की बैठक, वन अधिकार, बारिश के पूर्व तैयारियाँ, शहरी आवास योजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिये गये। वीसी में मंडला एनआईसी कक्ष में डीआईजी बालाघाट मुकेश श्रीवास्तव, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, वन मंडलाधिकारी नित्यानंदन एल, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकशिवकुमार वर्मा, उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता,एसएलआर श्री हीरालाल तिवारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष का लगातार ग्रामीण अंचलों में दौरा



**साध्य प्रकाश, इटारसी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय द्वारा लगातार जिले का दौरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेसी? पदाधिकारी सेमरी खुर्द में दुबे परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए एवं सेमरी जनपद सदस्य सियाराम यादव के निवास पर पहुंचे । टीम भ्रमण करने डोलरिया के कांग्रेस नेता संजय परिहार , सुपरली कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह परिहार , सवालखेड़ा में सुरेंद्र रघुवंशी , एवं ग्राम बीसारोडा में चौरे समाज के ग्रह क्षेत्र पहुंचे जहां कांग्रेसी मेधावी छात्रों एवं बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए । इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलु ,उपाध्याय चंद्रगोपाल मलैया ,मोहन झलिया, पंकज राठौर ,जितेंद्र सोलंकी ,बाबू चौधरी ,नवल पटेल, विकास सिंह राजपूत ,देवी चौधरी, विकास पवार इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

## देश में प्रतिदिन लव जिहाद के 40 हजार मामले सामने आ रहें हैं: कालीचरण



**रतलाम।** मंगलवार को भारत माता के उपासक संत कालीचरण महाराज रतलाम पंहुचे थे उन्होंने मां कालिका माता के दर्शन कर नींबू की माला चढ़ाई। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार जिला संगठन ने दो बत्ती पर गिलोय बेल की माला से महाराज का सम्मान किया।

संत कालीचरण महाराज ने कहा हिंदुओं को एकजुट होकर जातिवाद और प्रांतवाद छोड़कर धर्म ध्वजा के नीचे एकजुट होना चाहिए। सभी जातियों का मंदिर में प्रवेश होना चाहिए और सभी को साथ मिलकर भोजन करना चाहिए। देश में हिंदू वोटर बैंक बनाने की आवश्यकता है। इससे राजनीति का हिंदू करण भी होगा और नेता हिंदुओं की बात भी मानेंगे। मुस्लिम वोटर इस्लाम के हित में के लिए वोट करते हैं जबकि हिन्दू जातिवाद के लिए।

बता दें कि संत कालीचरण महाराज भारत माता के उपासक हैं वह ग्राम घटवास में हो रहें गीतांजलि गौ सेवा समिति द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन में शामिल होने से पहले शाम 6-30 बजे श्री कालिका माता मन्दिर पंहुचे थे जहां उन्होंने मां कालिका माता की पूजा-अर्चना की इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि देश में प्रतिदिन लव जिहाद के 40 हजार मामले सामने आ रहें हैं !

कालिका माता मन्दिर में संत उपासकों में गौसेवक दिनेश वाघेला, प्रदेश प्रभारी प्रेम पुनिया, जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा, अपार उपाध्याय, रत्नेश विजयवर्गीय, राजेश धाकड़, डॉ उत्तम शर्मा, महेन्द्र सोनी, जयश्री राठौर, संदीप कसेरा, नरेंद्र श्रेष्ठ, अन्य योग सेवकों नगर ने महाराज का आशीर्वाद लिया !

## विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर कड़ी कार्रवाई करना चाहिए : पूर्व मंत्री बाला बच्चन



**इटारसी।** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन एक निजी होटल में आयोजित किया गया , इस दौरान पूर्व मंत्री बाला बच्चन ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को धूल? चटाने का काम किया, भारतीय सेना तारीफे काबिल है । पर यहां भारतीय जनता पार्टी के मंत्री और सांसद सत्ता के गुरुर में भारतीय सेना की महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर अपमानित, निंदनीय, अशोभनीय आपत्तिजनक भाषा का उपयोग कर रहे हैं ।ऐसे कृत के लिए मंत्री विजय शाह को पार्टी से निष्कासित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिए । शिखर पर बैठे नेता भारतीय सेनाओं कि निंदा करने वालों पर एक्शन नहीं लेना चाहते , जबकि न्यायलय ने स्वयं संज्ञान में लेकर विजय शाह पर मामला दर्ज करवाया है। जिसकी आज तक गिरफ्तारी नही हुई।

इस दौरान जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ( गुड्डन ) ने कहा कि बीजेपी के एक नेता हाईवे पर कुकर्म करने में व्यस्त है वह कैमरे में आए तब जानकारी लगने पर वीडियो हटवाया, जिला पंचायत में एक वोट की कमी है इसलिए उसे बाहर नहीं किया । उन्होंने कहा देर रात तक इटारसी में शराब बिक रही है रेलवे स्टेशन के सामने शोरूम बनाकर शराब बेची जा रही है ऐसा मैंने अपनी उम्र में कभी नहीं देखा, होशंगाबाद में भी अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है। उन्होंने कहा जहां देखो वहां रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। इस दौरान हरदा विधायक रामकिशोर दोगने, पूर्व विधायक पंडित गिरिजाशंकर शर्मा, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक रवि किशोर जायसवाल, ओम पटेल, राजकुमार उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेसी अधिवक्ता संतोष गुरुयानी, लखन बेस, ओम सैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आनन फानन में अस्पताल प्रबंधन ने वार्ड में नया एसी लगवाया

**खबर का हुआ असर**

**दमोह।** विगत दिवस भीषण गर्मी को लेकर शासकीय जिला अस्पताल दमोह के बच्चा वार्ड में गर्मी की समस्या को लेकर वार्ड में भर्ती मरीजो के परिजनो द्वारा बताया गया था की इतनी अधिक गर्मी पड़ रही है और यहा पर गर्मी से बहुत परेशानी हो रही बच्चा वार्ड में गर्मी से बचने कोई व्यवस्था नही है यहा पर लगे पंखा गर्म हवा दे रहे और जो ऐसी लगे है वह बंद पड़े है और कुलर रखे नही है इसी समस्या को लेकर दैनिक सांध्य प्रकाश भोपाल दमोह अखबार द्वारा मंगलवार को एक खबर प्रकाशित की गई जिसके बाद आनन फानन में जिला अस्पताल प्रबंधन के द्वारा रातो रात बच्चा वार्ड में न्यू ऐसी लगाए गए जिसके बाद मरीजो ने राहत की सांस ली दैनिक सांध्य प्रकाश भोपाल दमोह की खबर का हुआ असर ।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 164 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 164 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत एवं एडीएम ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

### अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त ओबेदुल्लागंज क्षेत्र की जनता

# कम-ज्यादा वोल्टेज से लोगों के घरों के बिजली उपकरण खराब



**औबेदुल्लागंज( संवाददाता)।** गर्मी, आंधी और तूफान से गर्म फिजाओं का पारा बढ़ता जा रहा है वहीं, औबेदुल्लागंज संग पूरे भोजपुर क्षेत्र की जनता बिजली विभाग की अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। जनता का कहना है कि विद्युत विभाग अपनी दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है लेकिन अपने कर्मचारियों और व्यवस्थाओं पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। दिनभर लाइट की आवाजाही लगी रहती है और रात में भी घंटों अंधेरे में रहना जनता की मजबूरी बन गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में भरी दोपहर में लाइट न रहना जन जीवन बेहाल बना रहा है।


ज्ञात हो कि गर्मी और बरसात के पूर्व विद्युत विभाग दिन-दिनभर का शट डाउन लेकर मेंटेनेंस का कार्य करता है, इस के बाद भी लाइन और ट्रांसफार्मर में फॉल्ट बने रहते हैं। कम ज्यादा वोल्टेज से लोगों के घरों के महंगे बिजली उपकरण खराब हो जाते हैं। आशीष यादव ने बताया कि नई मोटर 8,500 रुपए में ली थी वोल्टेज कम ज्यादा होने से मेरी मोटर जल गई। आंधी और हवा में तारों का टूटना और दुर्घटना होने का डर बना रहता है। विभाग के पास अघोषित कटौती की सूचना देने का कोई विश्वस्त माध्यम नहीं है व कार्यालय का फोन भी बिजली ना होने की स्थिति में बंद रहता है। इन सब समस्याओं का विद्युत विभाग के अधिकारियों के पास कोई संतोषजनक उत्तर नहीं है। जनता का मानना है यदि यह बिजली की लुका-छिपी बंद नहीं हुई तो, मजबूरन लोगों को आंदोलन का मार्ग लेना होगा।

### इनका कहना है

भरी दोपहर में काटी जाने वाली बिजली से व्यवसाय में समस्या आ रही है और घरों में भी पीने के पानी आदि की व्यवस्थाएं बिगड़ गई हैं।

**आशीष यादव, औबेदुल्लागंज**

## पाडलिया में दो तेंदुए वन विभाग के पिंजरे मे कैद हुए



**आष्टा।** विगत कुछ वर्षो में वन्यप्राणी तेन्दुआ की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण वनक्षेत्र से लगे ग्रामीणक्षेत्र में तेन्दुआ की मूवमेंट की सूचनायें भी वन विभाग को प्राप्त होती है, सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में दल घटित कर सघन भ्रमण किया जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके। इसी प्रकार ग्राम पाडलिया में 16 मई को वन्यप्राणी तेन्दुआ की मूवमेंट की सूचना प्राप्त होने पर रेंजर नवनीत झॉ के निर्देषन में परिक्षेत्र सहायक रोलागांव शैलेष कुमार सिंह द्वारा अपने अधिनस्थ स्टॉप के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में तेन्दुआ द्वारा मारे गये पशुओं एवं पगमार्ग के आधार पर पिंजरा लगाने की सिफारिष की गयी थी, जिसके बाद डीएफओ मगन सिंह डाबर द्वारा उक्त वन्यप्राणी मूवमेंट वाले क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगाने के लिये निर्देषित किया गया। जिसके बाद दिनांक 17 मई को डीएफओ सीहोर के निर्देषानुसार ग्राम पाडलिया में वन्यप्राणी तेन्दुआ जो ग्राम पाडलिया के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में भी विचरण कर रहा था एवं पालतु पशुओं को अपना षिकार बना रहा था को पकड़ने के लिये ग्राम पालिया में सुरेन्द्र सिंह ठाकुर के खेत के पास नाले में पिंजरा लगाया गया। जिसकी वन विभाग की टीम द्वारा सत्त निगरानी की जा रही थी। मंगलवार की सुबह जब वन विभाग की टीम निरीक्षण के लिए पिंजरे के पास पहूँची तो पिंजरे में एक मादा तेन्दुआ व उसका शावक बंद मिला, जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गयी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार उक्त तेन्दुआ एवं शावक का पशु चिकित्सक विनोद शुक्ला के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, परीक्षण में दोनो स्वास्थ पाये जाने पर बीट रोलागांव के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## श्री महालक्ष्मी महायज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल हुए विधायक शर्मा



**सिरोंज।** बाबा विश्वनाथ धाम तीर्थक्षेत्र देवपुर में आयोजित हो रहे विशाल श्री महालक्ष्मी महायज्ञ के समापन अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी शामिल होकर धर्मलाभ लिया। क्षत्रिय दांगी समाज द्वारा आयोजित हो रहे इस महायज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार को विधायक शर्मा ने यज्ञ की पूर्णाहुति में आहुतियां देकर

जनकल्याण की कमाना की तथा आयोजित विशाल भंडारे में भी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी समाज बंधुओं को धर्म के क्षेत्र में सनातन परंपरा का पालन करने तथा एकता के भाव के साथ सामाजिक स्तर पर सामूहिक रूप से आयोजन कार्य करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षत्रिय दांगी समाज द्वारा मेरे बड़े भ्राता ब्रह्मऋषि पंडित नलिनीकांत जी शर्मा धर्माचार्य एवं ज्योतिषाचार्य के नेतृत्व में आयोजित 121 कुंडात्मक विशाल श्री महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन कराना हम सबके परिवारों में श्री की वृद्धि करने वाला है इस पवित्र महायज्ञ में आज मुझे भी सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने यमनाओं के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा यज्ञाचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान यज्ञ आयोजन में विशेष रूप से पधारे क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री श्री 108 महंत श्री पुरुषोत्तम दास महाराज का भी स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भगवान शनि न्याय के देवता है - रायसिंह मेवाडा

### शनि जयंती पर नगर के शनि मंदिरों में हुए भंडारे व पूजा-अर्चना



**आष्टा।** नगर के खेडापति कमल तालाब एवं पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग स्थित प्राचीन शनि मंदिर में शनि जयंती के अवसर पर प्रातः से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा-पाठ, हवन, यज्ञ के साथ ही दोनों मंदिरों में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रसादी ग्रहण की। शनि जयंती के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथियों के साथ दोनों ही मंदिरों में दर्शनार्थ पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शनि की पूजा-अर्चना की, वहीं हवन में आहूतियां छोड़ी। साथ ही भंडारे के दौरान प्रसादी ग्रहण करने पहुंची नन्हीं कन्याओं को तिलक लगाकर व पूजा कर प्रसादी परोसी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले विशाल भंडारे के लिए बधाई दी, वहीं भगवान शनि से प्रार्थना की कि समिति सदस्यों सहित श्रद्धालुओं के भंडार भगवान शनि देव हमेशा भरते रहे, उनकी पीडा, तकलीफ को हरते रहे।

मेवाडा ने कहा कि ज्योतिष में भगवान शनि को न्यायाधिकारी माना गया है, अच्छे-बुरे कर्म के आधार पर व्यक्ति को फल प्रदान करते हैं। यह भी मान्यता है कि शनि देव की साढ़े साती और ढैय्या से कोई नहीं बच सकता है, लेकिन शनि जयंती पर शनि देव की विशेष पूजा, दान पुण्य करने से शनि देव की महादशा के दुष्प्रभाव कम किए जा सकते हैं। भगवान शनि एक देवता के रूप में पूजनीय हैं जो शनि ग्रह पर शासन करते हैं और माना जाता है कि वे अपनी अनूठी ऊर्जा के माध्यम से लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। जबकि वह अक्सर कठिनाइयों और चुनौतियों से जुड़े होते है। भगवान शनि को न्याय के निर्माता और अनुशासन एवं आत्म-अनुशासन का अग्रदूत भी माना जाता है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा के साथ पार्षद रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, सुभाष नामदेव, रामचरण बैरागी, महेश गिरी, गौरव सोनी, मनोहर बैरागी, संजय प्रजापति, विजय मेवाडा सहित बडी संख्या में भक्तगण, श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 5.1 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पी?ित 6 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 5.1 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही उमा देवी सोनकिया पति कमलेश सोनकिया निवासी वार्ड नं 20 नौगांव को 3 लाख रुपए, पुष्पेंद्र अहिरवार पिता गोविंद दास वार्ड नं 15 लवकुशनगर को 50 हजार रुपए, किलकोटी अहिरवार पिता रमदलवा अहिरवार नि. ग्राम कुटिया को 25 हजार रुपए, बारेलाल अहिरवार पिता बंसीलाल नि. वार्ड नं 8 डारगुवा को 60 हजार रुपए, अवधेश कुमार शुक्ला पिता जगदीश प्रसाद शुक्ला नि. हकीमपुरा खजुराहो को 30 हजार रुपए एवं रामा कुशवाहा पिता मनप्यारे कुशवाह नि. महोबा रोड ज्योराहा जिला छतरपुर को 45 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## एमसीबीयू में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार व अप्रेंटिशिप मेला आज

**छतरपुर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशिप मेला) का आयोजन बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में किया जा रहा है जिसमें देश और प्रदेश की विभिन्न कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवाओं का चयन करेंगे। आप इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए दी गई लिंक पर अपना पंजीयन कर अपने शैक्षणिक योग्यता के समस्त दस्तावेज ,समग्र आई एवं दो फोटो लेकर निर्धारित स्थान पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर: सांबा चौकी का नाम होगा 'सिंदूर', बीएसएफ ने भेजा प्रस्ताव




**श्रीनगर, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव और फिर संघर्षविराम इसके पहल भारत-पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक गोलीबारी का क्रम जारी रहा। इस बीच बीएसएफ ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जवानों के सम्मान में एक बड़ा एलान किया है। बीएसएफ के आईजी जम्मू, शशांक आनंद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की महिलाकर्मियों ने अग्रिम ड्यूटी चौकियों पर लड़ाई लड़ी। हमारी बहादुर महिला कर्मियों, सहायक कमांडेंट नेहा भंडारी ने एक अग्रिम चौकी की कमान संभाली, कॉन्स्टेबल मंजीत कौर, कॉन्स्टेबल मलकीत कौर, कॉन्स्टेबल ज्योति, कॉन्स्टेबल सम्पा और कॉन्स्टेबल स्वप्ना और अन्य ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ अग्रिम चौकियों पर लड़ाई लड़ी। आईजी ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बीएसएफ चौकियों पर ड्रोन हमले और गोलाबारी में हमने बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, कॉन्स्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार को खो दिया। हम अपने दो पोस्ट (सांबा) का नाम अपने खोए हुए कर्मियों के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखते हैं और एक पोस्ट का नाम सिंदूर रखने का प्रस्ताव रखते हैं।

## पाकिस्तान ने भारत की चौकियों पर की गोलीबारी

मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बीएसएफ आईजी शशांक आनंद ने जम्मू फ्रंटियर पर जोर देकर कहा कि पाकिस्तानी पोस्ट ने भारत की चौकियों पर गोलीबारी की। हालांकि, इसके लिए वे पहले से ही तैयार थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकत का जवाब देने के लिए हमने सीमा पार से गोलीबारी के दौरान कई पाकिस्तानी चौकियों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस बीच हमें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। 8 मई की रात को जब हमने यह ऑपरेशन किया, तो उस इलाके में दुश्मन के हौसले पस्त थे। अगले दिन यानी 9 मई को पाकिस्तान ने सांबा क्षेत्र से दूर जाकर जम्मू के उत्तरी इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना उकसावे के सीमा पार से गोलीबारी शुरू कर दी। बीएसएफ ऐसी स्थिति के लिए पहले से ही तैयार थी और 9 और 10 मई को बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा पर भारी गोलाबारी की। इस दौरान हमने योजना बनाई थी कि अगर मौका मिला तो हम अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित आतंकी लॉन्च पैड पर भी हमला करेंगे। बीएसएफ ने एलओसी के पास लूनी इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के लॉन्च पैड पर जानबूझकर हमला किया।

बीएसएफ आईजी शशांक आनंद ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत 9 और 10 मई की रात को बीएसएफ ने ÷लूनी÷ में लश्कर-ए-तैयबा के लॉन्चपैड पर जानबूझकर और योजनाबद्ध तरीके से हमला किया। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 3 किलोमीटर दूर पाकिस्तान में स्थित है।

## 20 आतंकियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

सुंदरबनी के डीआईजी वीरेंद्र दत्ता ने बताया कि उन्हें लूनी इलाके में 18-20 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जो सीमा पार से गोलीबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ करने की योजना बना रहे थे। आठ मई के बाद, हमें खुफिया जानकारी मिली कि लूनी में 18-20 आतंकवादी मौजूद हैं और उम्मीद थी कि वे सीमा पार से गोलीबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ करने की कोशिश करेंगे।

## सोने के भाव और चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**मुंबई, एजेंसी।** जून से पहले सोना या चांदी खरीदने के लिए बाजार जाने का प्लान बना रहे है तो पहले 28 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज बुधवार को सोने के भाव और चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97000 और चांदी के भाव 1 लाख पर ट्रेंड कर रहे है। आज बुधवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 28 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,500 , 24 कैरेट का भाव 97, 630 और 18 ग्राम सोने का रेट 73,230 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1 लाख रुपए चल रहा है। 18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 73 230/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 73, 110/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 150 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 73, 600/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

## अनाज, दलहन और तिलहन के दामों में उतार-चढ़ाव

**इंदौर।** आज इंदौर की प्रमुख कृषि मंडियों में अनाज, दलहन और तिलहन के दामों में उतार-चढ़ाव देखा गया। जानिए 28 मई 2025 के ताजा मंडी भाव और कौनसी फसल का रेट बढ़ा या घटा। किसान भाइयों और व्यापारियों के लिए मंडी के ताज़ा भाव जानना बेहद जरूरी होता है, ताकि फसल का सही मूल्य मिल सके। इंदौर की कृषि उपज मंडी में आज 28 मई 2025 को भी अनाज और दालों के दामों में हलचल देखने को मिली है। सरकारी खरीद, मांग और आपूर्ति की स्थिति के चलते बाजार में कुछ फसलों के दाम बढ़े हैं, तो कुछ में गिरावट दर्ज की गई है। अनाज भाव क्विंटल के अनुसार सोयाबीन- 3718 से 3800, गेहूं- 2760 से 3052, गेहूं सुजाता- 2600, मक्का- 3800 से 3800, डॉलर चना- 6400 से 9800, देसी चना- 5600 से 7500, चना कांटा- 4500, आमचूर- 3600, मसूर- 4200 से 6900, मूंग- 4700 से 7700, मूंग एवरेज- 4600 से 6200, तुअर- 3450 से 6500, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 3300 से 6800, निमाड़ी तुअर- 3250 से 5800, सरसों- 3150 से 5250, सरसों निमाड़ी- 3180 से 5500, उड़द बोल्ड- 6200, उड़द मीडियम- 6100 से 7500, हलका उड़द- 5700 से 7420 रुपए है।

## ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड एफवाय25 में बिझनेस ओपरेशन्स को सफलतापूर्वक बदल दिया

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत में नेचरल स्टोन के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमिटेड (बीएसई - 532817, एनएसई - ओरिएंटलटीएल) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 25 में वित्तीय परिणामों के साथ अपने व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है। कंपनीने पिछले साल के चौथे तिमाही के 6.43 करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे 5.97 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल की अवधि 2025 के चौथे तिमाही के दौरान संचालन से 2024 के चौथे तिमाही में 3.01 करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में, 453त्न की एक साल-प्रतीवर्ष की वृद्धि को चिह्नित करते हुए, चार गुना 16.66 करोड रुपये से अधिक हो गया। ओडिशा स्टील एन्ड मेन्युफेक्चरिंग डिपार्टमेन्ट के द्वारा कंपनी को ब्लेक ग्रेनाइट माईनिंग के लीए 30 साल की लीझ मील गई है। उसके कारण ओरिएन्टल ट्राईमेक्स सालाना तौर पर ईस माईनिंग साईट्स से रू. 10 करोड से रू. 15 करोड तक रेवन्यु कंन्ट्रीब्युशन की आशा है, जो कंपनी की विकास की यात्रा में योगदान देगी। इसके ओपरेशन्स भी आगामी समय से शुरू होने वाले है।

## सत्व सुकून लाइफकेयर लि. ने वित्त वर्ष 2025 के मजबूत परिणाम घोषित किए

**मुंबई।** होम डेकोर और विभिन्न सुगंध उत्पादों के विनिर्माण से जुड़ी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 1.00 प्रति राइट्स इक्विटी शेयर के नकद मूल्य पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिससे कुल 48 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना और इसके विस्तार के अगले चरण को समर्थन देना है। यह राइट्स इश्यू पात्र इक्विटी शेयरधारकों को 9 मई, 2025 की रिकॉर्ड तिथि तक धारित प्रत्येक 2 फुल्ली पैड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स इक्विटी शेयरों के रेशियो दिए जा रहे हैं। यह इश्यू 30 दिनों की अवधि के लिए खुला रहेगा, जो 28 मई, 2025 को शुरू होगा और 26 जून, 2026 को बंद होगा। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू की समापन तिथि को बढ़ाया नहीं जा सकता है। सेबी के नियमों के अनुसार, सभी अधिकार और आवंटन प्रक्रिया केवल डीमैट रूप में ही की जाएगी। नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार आंशिक, आंशिक अधिकारों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। हालांकि, पात्र शेयरधारक जिनके आंशिक अधिकारों की उपेक्षा की गई है, उन्हें उपलब्धता के अधीन, अपने अधिकारों से अधिक शेयरों के लिए आवेदन करने पर एक अतिरिक्त शेयर के आवंटन के लिए प्रेफरेंशियल विचार किया जा सकता है।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा संसद भवन, नई दिल्ली में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## खज़ांची ज्वेलर्स की कुल आय एच2 एफवाय25 में 145 प्रतिशत उछली, शुद्ध लाभ 115 प्रतिशत बढ़ा

**चेन्नई एजेंसी।** खज़ांची ज्वेलर्स लिमिटेड , जो कि सोना, हीरे, कीमती रत्न प्रतिशतों और बुलियन वस्तुओं में विशेषज्ञता रखने वाली भारत की अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक है, ने एच2 एफवाय25 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के चेयरमैन और संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा- हम एच2 एफवाय25 में एक और मजबूत तिमाही प्रदर्शन की घोषणा करते हुए प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। त्योहारों की मांग और शादी-ब्याह की खरीदी ने सोने की खपत को बढ़ावा दिया, वहीं ऊँचे सोने के दामों ने बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि में मदद की। हमारी डिजिटल पहल के हिस्से के रूप में, हमने 'गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप' के स्थान पर नया 'ज्वेलरी परचेज़ प्लान ऐप' लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को अधिक सुरक्षित, सरल और केंद्रित अनुभव प्रदान करता है।आरबीआई द्वारा की गई ब्याज दरों में कटौती और आयकर स्लैब में बदलाव जैसी सकारात्मक नीतियों के कारण उपभोक्ता खर्च में स्थिर वृद्धि की उम्मीद है। हमारी बढ़ती रिटेल उपस्थिति और बेहतर संचालन से हम भविष्य में और भी मजबूत विकास के लिए तैयार हैं।

## इको रीसाइक्लिंग ने क्यू4 एफवाय25 में ईबीआईटीडीए में 103 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** भारत की अग्रणी और पेशेवर ई-वेस्ट प्रबंधन कंपनी इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड ने क्यू4 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, इको रीसाइक्लिंग लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बी. के. सोनी ने कहा- हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमने एक और तिमाही में मजबूत वृद्धि और परिचालन उत्कृष्टता हासिल की है। वर्तमान में हमारी प्रसंस्करण क्षमता 31,200 एमटीपीए है, और इस तिमाही ने वित्तीय प्रदर्शन ही नहीं बल्कि उद्योग में मान्यता की दृष्टि से भी कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। हमें गर्व है कि हमें 2024 हुरुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और हमारे सर्कुलर इकोनॉमी में योगदान के लिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में सराहना प्राप्त हुई। एआई-आधारित डिजिटल अवसंरचना में तीव्र वृद्धि और वैश्विक स्तर पर स्थिरता की दिशा में हो रहे प्रयासों ने ई-वेस्ट क्षेत्र को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। भविष्य में एआई डेटा सेंटर से ई-वेस्ट में भारी वृद्धि होने की संभावना है, जबकि अभी वैश्विक ई-वेस्ट का बहुत ही कम हिस्सा पुनर्चक्रित होता है। इस चुनौती को समझते हुए, भारत सरकार वैबिलिटी गेप फाउंडिंग और पीएलआइ योजना जैसे उपायों के माध्यम से ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग को औपचारिक रूप देने का प्रयास कर रही है, ताकि खनिज पुनप्राप्ति बढ़ाई जा सके और आयात पर निर्भरता घटाई जा सके।

## सुप्रीम पावर इक्विपमेंट का समेकित शुद्ध लाभ एच2 एफवाय25 में 52 प्रतिशत बढ़ा

**चेन्नई एजेंसी।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड जो विद्युत एवं वितरण ट्रांसफॉर्मर निर्माण उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक है, ने एच2 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए,सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री वी. राजमोहन ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एच2 और पूरे एफवाय2 5 में हमारे प्रदर्शन ने हमारे व्यापार की मजबूत बुनियाद और बाजार में बढ़ती प्रासंगिकता को दर्शाया है। हमारी सतत वृद्धि का प्रमुख कारण स्थानीय उपयोगिताओं से मिली मजबूत मांग रही है, जो हमारी सफलता की प्रमुख आधारशिला बन चुकी है। इस गति को बनाए रखने के लिए, अब हम उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर के ऑर्डर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमारी नई निर्माण इकाई लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है, और इसके चालू होने पर हमारी उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि और दक्षता में सुधार होगा। हमारा वर्तमान समेकित ऑर्डर बुक लगभग 116 करोड़ है, जो हमारे ग्राहकों के विश्वास को दर्शाती है और आगामी तिमाहियों के लिए बेहतर दृश्यता प्रदान करती है। अ

## सैमसंग ने इंदौर के सिटी सेंटर में पहले एक्सपीरियंस स्टोर के साथ अपनी प्रीमियम उपस्थिति बढ़ाई

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग, ने इंदौर के एमजी रोड पर सिटी सेंटर में अपना पहला रिटेल एक्सपीरियंस स्टोर शुरू किया है, जिससे देश भर में इसकी प्रीमियम रिटेल उपस्थिति और मजबूत हुई है। यह स्टोर ग्राहकों को शानदार अनुभव प्रदान करता है, जिसमें नए स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप और स्मार्टथिंग्स के लिए डेडिकेटेड जोन्स हैं। यहां ग्राहक यह अनुभव कर सकते हैं कि सैमसंग के कनेक्टेड डिवाइस उनके जीवन को कैसे और अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बना सकते हैं।1000 वर्ग फुट में फैला, यह नया स्टोर ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप समाधान के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जहां वे सैमसंग के अत्याधुनिक इनोवेशन, कनेक्टेड इकोसिस्टम और प्रीमियम सर्विस सेंटर का एक ही छत के नीचे अनुभव कर सकते हैं।इंदौर के सिटी सेंटर में स्थित इस स्टोर की लोकेशन बहुत खास है, क्योंकि यह एक शानदार एजुकेशन हब है, जहां युवा लोग ज्यादा हैं और तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यह स्टोर नई पीढ़ी के ग्राहकों को आधुनिक तकनीकों और शानदार टेक्नोलॉजी अनुभव देने के लिए बनाया गया है।

## बहुत-से ऐसे भाव होते हैं जो साफ़ नहीं होतेः महेश शेट्टी

**मुंबई, एजेंसी।** महेश शेट्टी ने कहा कि 'कानखजूरा' जैसे शो में अपराधबोध और पारिवारिक रहस्यों जैसे गंभीर विषयों से जुड़ना एक भावनात्मक अनुभव रहा होगा। क्या इस मानसिक स्थिति में बने रहना मुश्किल था, या फिर शॉट्स के बीच आप खुद को उससे अलग कर पाते थे हर परिवार और हर रिश्ते में अच्छाई-बुराई के साथ-साथ बहुत-से ऐसे भाव होते हैं जो साफ़ नहीं होते, और यही हमें इंसान बनाते हैं। 'कानखजूरा' ने इन्हीं परतों को गहराई से छुआ है और बहुत वास्तविक तरीके से पेश किया है, जिससे उस भावनात्मक ज़ोन में जाना मेरे लिए आसान हो गया।जहां तक दृश्यों के बीच खुद को उस भाव से बाहर निकालने की बात है, तो मुझे लगता है ये एक अभिनेता की दिनचर्या का हिस्सा होता है। हम सभी ऐसा करते हैं। कोई भी किरदार को पूरी तरह घर तक नहीं ले जाता – कम से कम ज्यादा देर तक तो नहीं। आजकल ओटीटी थ्रिलर्स ज्यादा किरदार-केंद्रित और विचारोत्तेजक हो रहे हैं। आपको 'कानखजूरा' जैसी कहानी का हिस्सा बनने की प्रेरणा कहां से मिली।

## मीना ताई के नाम पर 'बुंदेलखंड विश्वकोश' पुस्तकालय का लोकार्पण, संस्कृति-स्मृति के पुनर्पाठ की पहल

**सागर एजेंसी।** बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने हेतु स्थापित 'बुंदेलखंड विश्वकोश' कार्यालय एवं पुस्तकालय का लोकार्पण आल्हा जयंती के अवसर पर सागर के सिविल लाइन स्थित तीसरी मंज़िल, वृंदावन बाग मठ परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वकोश की संरक्षक मीना ताई के नाम पर पुस्तकालय समर्पित किया गया, जिसे उनकी जीवन-साधना को सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा, यह विश्वकोश आत्म-गौरव का प्रतीक है। मैं इसके सतत विकास में हरसंभव सहयोग दूंगी। वृंदावन बाग मठ के महंत श्री 108 नरहरिदास जी ने संस्था को स्थायी कार्यालय हेतु मठ की ओर से भविष्य में भूमि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, बुंदेलखंड की संस्कृति और स्मृति को संरक्षित करना हमारे मठ का कर्तव्य है।मीना ताई ने भावुक होकर कहा, चार वर्ष पहले सरोज गुप्ता ने इस विश्वकोश का सपना साझा किया था, आज उसे मूर्त रूप में देखना संतोषजनक है। मैं चाहती हूँ कि अगले वर्ष तक 40 खंड प्रकाशित हों।

## टाटा एआईए ने वित्त वर्ष 25 के लिए 1,842 करोड़ का बोनस घोषित किया, यह उनका अब तक का सबसे अधिक बोनस है

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपनी सहभागी योजनाओं में 1,842 करोड़ के रिकॉर्ड बोनस भुगतान की घोषणा की है। 8.15 लाख से अधिक पॉलिसियों को इसका लाभ मिलेगा। इस वर्ष का भुगतान पिछले वर्ष के 1,465 करोड़ के बोनस से 26त्न अधिक है, यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक बोनस है।




अन्य सहभागी योजनाओं के अलावा, डायमंड सेविंग्स प्लान, स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान, वैल्यू इनकम प्लान और शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान जैसी प्रमुख सहभागी योजनाओं के लिए बोनस घोषित किया गया है। सहभागी बीमा योजनाओं को पार योजनाएं भी कहा जाता है, यह वो जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जो बोनस या लाभांश के रूप में पॉलिसीधारकों के साथ लाभ साझा करती हैं। ये बोनस गारंटीड नहीं होते हैं, लेकिन आम तौर पर इन्हें सालाना घोषित किया जाता है, जो बीमाकर्ता के सहभागी (या लाभ के साथ) फंड के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

पॉलिसीधारकों के लिए इसका क्या मतलब है यह घोषणा टाटा एआईए की अपने उपभोक्ताओं के साथ साझेदारी करने और उन्हें उनके सपने पूरे करने में सक्षम बनाने की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। टाटा एआईए के एक्ज़िक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और अपॉइंटेड एक्चुअरी श्री क्षितिज शर्मा ने कहा, हम अपने सहभागी पॉलिसीधारकों के लिए एक और साल में असाधारण बोनस भुगतान की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। टाटा एआईए की रिकॉर्ड-तोड़ बोनस घोषणा हमारे पॉलिसीधारक के विश्वास का सम्मान करने और उन्हें लगातार बेहतर रिटर्न के साथ पुरस्कृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अपने ग्राहकों को फ़िकर-मुक्त जीवन जीने, अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्रियजनों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित करने में मदद करने के लिए हम समर्पित हैं।

## मिआ बाए तनिष्क की आकर्षक ऑफर्स के साथ जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग के इस सीज़न में हर पड़ाव को स्टाइल में मनाएं

**मुंबई एजेंसी।** भारत का एक अग्रणी फाइन ज्वेलरी ब्रांड मिआ बाए तनिष्क ने वेडिंग सीज़न और ग्रेजुएशन सेलिब्रेशन के लिए शुरू किया है जॉय ऑफ गिफ्टिंग फेस्टिवल। यह ऑफर सीमित समय तक ही रहेगा। इसमें मिआ बाए तनिष्क में ग्राहकों को हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 20त्न की आकर्षक छूट मिल रही है। अपनी इस शानदार ऑफर के साथ मिआ ने इस दौर को जीवन की प्रमुख उपलब्धियों के लिए कीमती उपहार देना और भी आसान बना दिया है। शादियों के सीज़न के लिए मिआ ने पेश किया है, बहुत ही सोच-समझकर, कुशलतापूर्वक बनाए गए आभूषणों का कलेक्शन, जो उपहार देने को आसान बनाता है। दुल्हन को उसकी ज़िन्दगी के सबसे बड़े दिन पर आशीर्वाद देना हो, ब्राइड्समेड्स के लिए शानदार आभूषण चुनना हो, या जोड़े के परिवार और दोस्तों को उपहार देना हो, मिआ में आपको मिलेगा जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग। मिआ के डिज़ाइन आधुनिक होने के बावजूद, बदलते समय के साथ अपनी सुंदरता और प्रासंगिकता बनाए रखते हैं, हर तरह के जश्न की शान बढ़ाते हैं। मिआ बाए तनिष्क के आभूषण आपके खास पल जितने ही यादगार होते हैं। शादियों के अलावा, जॉय ऑफ गिफ्टिंग फेस्टिवल छात्रों के लिए भी एकदम सही समय पर आया है। अपने महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ाव को हासिल करने का जश्न एक बेहतरीन आभूषण के साथ मनाएं, जो न केवल आपकी सफलता का प्रतीक बनेगा, बल्कि भविष्य का वादा भी करेगा। किसी प्रियजन के लिए हो या अपने आप को पुरस्कृत करने के लिए, मिआ के कलेक्शन ग्रेजुएशन के क्षणों को चमकाने के लिए एकदम सही है।




# शक्ति पम्पस् ने मनाया 'फाउंडर्स डे', शक्ति कोड ऑफ़ कंडक्ट जारी किया

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड ने (25 मई को) अपने संस्थापक, स्वर्गीय श्री मनोहर लाल जी पाटीदार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में फाउंडर्स डे का आयोजन किया। यह दिन उनके असाधारण समर्पण, दूरदर्शिता और सफलता को याद करने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने के लिए समर्पित था।

इस अवसर पर, शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ सभी अनुषंगी कंपनियों के डायरेक्टर्स, समस्त टीम मेंबर्स और उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समारोह न केवल श्री पाटीदार के जीवन और कार्य को श्रद्धांजलि देने का माध्यम था, बल्कि यह कंपनी की एकता, सामूहिक भावना और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता था। फाउंडर्स डे का यह आयोजन टीम के सदस्यों के लिए एक साथ आने, एक-दूसरे के साथ जुड़ने और कंपनी के मूल मूल्यों को फिर से आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। कार्यक्रम में शक्ति परिवार के 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार ने कर्मचारियों और उनके परिवारों से बातचीत में श्री मनोहर लाल जी पाटीदार के शुरुआती प्रयासों, उनके दूरदर्शी विचारों और कैसे उन्होंने एक छोटे से सपने को एक सफल उद्यम में बदल दिया, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंपनी की कोर वैल्यूस - सीखने का जुनून रखे, व्यक्ति का सम्मान करें, सिस्टम एवं कार्यविधि का सम्मान करें, श्रेष्ठता के लिये प्रयासरत रहें, ग्राहक केंद्रित रहें, ईमानदार एवं नैतिक रहें, को दोहराया।




श्री पाटीदार ने कहा कि शक्ति पम्पस नाम के इस पौधे ने आज एक वटवृक्ष बनकर कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे न केवल कंपनी को बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ हुआ है। इसी के अगले क्रम में हम सोलर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से जुड़े उत्पादों में भविष्य देख रहे हैं। श्री दिनेश पाटीदार ने सभी उपस्थित लोगों को उनके स्वास्थ्य, प्रसन्नता और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## तेज हवा बारिश से गिरे बड़े-बड़े पेड़ यातायात हुआ बाधित



**अमरवाड़ा।** छिंदवाड़ा मार्ग में स्थित पिंडरई डबीर के पास तेज हवा बारिश की वजह से मंगलवार को दोपहर में रोड के दोनों साइड लगे पेड़ गिरकर रोड में आ गए जिसकी वजह से यातायात बाधित हो गया मौके पर वाहन चालकों ने पेड़ को साइड करने का प्रयास किया जानकारी मिलते ही अमरवाड़ा नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद टूटे हुए पेड़ों को रोड के किनारे कर कर रोड को चालू करवाया और यातायात प्रारंभ हुआ

## लॉ कॉलेज में मनाई गई अहिल्या बाई होल्कर की जंयती

**खिरसाडोह।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरसाडोह में अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र निगम के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत खिरसाडोह में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुना गया एवं त्वरित निराकरण किया गया, सभी विभाग वार समीक्षा की गई जिसमें प्रधान मंत्री आवास, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग,कृषि विभाग, खाद्य विभाग, पी एच ई विभाग एवं अन्य विभागों की समीक्षा की गई जिसमें जनपद सीईओ मोनिका झरिया, तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे , महिला बाल विकास अधिकारी मोनिका उइके, बी ई ओ श्री राम धुर्वे, बी आर सी, श्याम कुमार गुन्हेरे बी एम ओ शशि अतुलकर, जनपद सदस्य सुनील अहाके, सरपंच सुप्रिया पंद्राम, पटवारी देवेन्द्र साहू,,सचिव विजय सिंधिया, सहायक सचिव नवीन डेहरिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,आशा कार्यकर्ता और समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे

## सांसद ने परासिया की 11 पंचायतों में दी 11 लाख की सौगात

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने परासिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्यारह पंचायतों में रंगमंच निर्माण के लिए 11 लाख की राशि सांसद निधि से स्वीकृत की है। यह राशि स्वीकृत की जाने से इन पंचायतों में वर्षो से की जा रही रंगमंच निर्माण की मांग पूरी हो सकेगी। सांसद ने परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया एवं भाजपा ग्रामीण पगारा मंडल के अध्यक्ष मनीष यादव की अनुशंसा पर 11 ग्राम पंचायतों में 11 लाख के विकास कार्यो की सौगात दी है। सांसद श्री साहू ने अपनी सांसद निधि से ग्राम पंचायत मायावाड़ी के ग्राम भीमसेन के वार्ड नंबर 19 ढीमर मोहल्ला में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत सेमताल के ग्राम तुरसी के वार्ड नंबर 8 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत जाटाछापर के वार्ड नंबर 9 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत भमोड़ी के वार्ड नंबर 3 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत अंबाड़ा के वार्ड नंबर 19 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत मायावाड़ी के वार्ड नंबर 7 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत लीखावाड़ी के वार्डनंबर 14 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत दरबई में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत बदलापठार के ग्राम जामुनबर्रा में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत भाजीपानी के वार्ड नंबर 18 में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख एवं ग्राम पंचायत तीतरा डोंगरिया में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख की राशि स्वीकृति की है। उक्त राशि स्वीकृत की जाने पर भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया गया है।

## अग्रिम कुमार बने वाश ऑन व्हील्स के अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत छिंदवाड़ा जिले में प्रारंभ किए गए वॉश ऑन व्हील्स नवाचार को अब प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जाएगा। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोमवार को आदेश जारी करते हुए बताया गया कि यह सेवा ग्रामीण क्षेत्रों के शौचालयों की साफ-सफाई को डिमांड और सेवा की अवधारणा पर संचालित करती है, जिससे स्वच्छता में सुधार के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। प्रदेश भर में इस नवाचार के क्रियान्वयन हेतु एक संयोजित समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत छिंदवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार करेंगे। यह समिति छिंदवाड़ा जिले का भ्रमण कर वॉश ऑन व्हील्स की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन करेगी। साथ ही वर्तमान में उपयोग की जा रही ऑनलाइन एप्लिकेशन का विश्लेषण कर उसकी खूबियों और खामियों की पहचान करेगी। नवाचार के तकनीकी पक्ष को मजबूत करने के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के वरिष्ठ अधिकारियों को समिति में शामिल किया गया है। इसमें वरिष्ठ निदेशक श्रीमती प्रीति कोठारी, संयुक्त निदेशक दीपक व्यास, संयुक्त आयुक्त श्रीमती शिवानी वर्मा, प्रोग्रामर अरविंद श्रीवास्तव एवं यूनिसेफ को सलाहकार के रूप में जोड़ा गया है। समिति को 15 जुलाई 2025 तक मोबाइल एप निर्माण, प्रक्रियाओं का दस्तावेजीकरण (एस.ओ.पी.) और सेवा प्रारंभ करने की दिशा में समस्त कार्य पूर्ण करना है, जिससे वॉश ऑन व्हील्स मॉडल को पूरे प्रदेश में एकरूपता के साथ लागू किया जा सके।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में



मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अग्रिम कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित ऋण सहायता संबंधी शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और बैंकिंग सेवाओं की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना था। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने पीएमएफएमई योजना में गत वित्तीय वर्ष में बैंकों द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त न किए जाने पर नाराजगी जताई।

### अतिक्रमण हटाने के लिये आयोजित हुई बैठक

# शहर में चलेगी अतिक्रमण हटाने की बड़ी मुहिम

## कलेक्टर के निर्देश पर विभिन्न विभाग करेंगे संयुक्त कार्यवाही





**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम सभाकक्ष में मंगलवार को शहर में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगरपालिक निगम के महापौर विक्रम अहके, छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन एवं निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे, जबकि पुलिस विभाग की ओर से यातायात प्रभारी श्री राकेश कुमार तिवारी उपस्थित थे। इस बैठक में आगमी दिवसो के लिये कार्यवाही की रूपरेखा भी बनाई गई। निगमायुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने निर्देश दिए कि ऐसे वाहन जो सड़क पर खड़े हो रहे है, उन पर लगातार चालानी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम सुधीर जैन ने निर्देश दिए है कि अतिक्रमणकारियों को विद्युत कनेक्शन न दिए जाए। इसके साथ ही पूर्व में दिए विद्युत कनेक्शन भी काटे जाए। विभिन्न अवसरों पर शहर के डिवाइडर के बीच में अवैध रूप से होर्डिंग एवं फ्लेक्स लगाए जा रहे इन्हें लगातार हटाने एवं इन पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगरपालिक निगम महापौर श्री अहके ने शहर में नए हॉकर्स जोन बनाने के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए । बैठक में कार्यवाही के लिये स्थान एवं दिनांक निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। शहर के सभी मुख्य सड़कों एवं बाजारों में नगरपालिक निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त कार्यवाही करेंगे। इस दौरान बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व निगम अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र मिगलानी, कार्यपालन यंत्री श्री ईश्वर सिंह चंदेली, तहसीलदार श्री सच्चिदानंद त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नेता श्री मनोज सक्सेना, श्री मनोज कुशवाह सहित प्रिंट एवं इलेट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार भी उपस्थित थे।

### जनपद कार्यालय के पास से हटाया गया अतिक्रमण

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन नगरपालिक निगम एवं पुलिस प्रशासन के दल ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाकर संयुक्त कार्यवाही की। यह कार्यवाही जनपद कार्यालय के पास की गई। जिसमें सड़क पर लगी दुकानों को हटाया गया इसके साथ ही स्थाई बने चबूतरों को भी देर शाम तक हटाने की कार्यवाही की गई। दोपहर को प्रारंभ हुई कार्यवाही में छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन एवं नगरपालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा अतिक्रमण दल का नेतृत्व किया गया। इस दौरान दुकानदारों को पुनः इन स्थानों पर सड़कों पर दुकान न लगाने के निर्देश दिए गए। कार्यवाही में निगम सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी, उपयंत्री शशांक शाह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर सिंह के निर्देश पर यह कार्यवाही प्रतिदिन शहर के विभिन्न बाजारों मार्गो एवं मुख्य मार्गो पर की जाएगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

## जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत सुनी गई 205 आवेदकों की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 205 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान का पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम बीसापुर के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने व मोक्षधाम आने-जाने के लिये प्रचलित मार्ग खुलवाने, ग्राम पाठई के श्री दुर्गेश पटेल ने विरासत हक की जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने, तामिया निवासी श्रीमती प्रमिला ने जमीन का सीमांकन करने, ग्राम मानेगांव के ग्रामवासियों ने सार्वजनिक शासकीय कच्चे रास्ते से अवैध कब्जा हटाने, ग्राम बोरिया के श्री विजय कुमार त्रिपाठी ने कृषि भूमि रिकॉर्ड में नाम सुधारने, ग्राम सिंगोड़ी के श्री धनकुमार नेमा ने व ग्राम पंचायत खैरवानी के श्री शिवप्रसाद यदुवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम खूनाझिरखुर्द की श्रीमती सरफिला ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम पंचायत पालाचौरई के राकेश कुमार व ग्राम बींझावाड़ा के देवीराम ने भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम देहेगांवकला के दिव्यांग नरबदी भलावी ने इलेक्ट्रिक ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम बिछुआकला के संतलाल ने गरीबीरेखा का कार्ड बनाने व किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छिंदवाड़ा नगर की श्रीमती जानकीबाई ने विधवा पेंशन व लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने एवं नगर के वार्ड क्रमांक-44 गुलाबरा के आकाश नागवंशी ने आर्थिक सहायता दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम श्री सुधीर जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 जयंती मनाई



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 जयंती के अवसर पर उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार में प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में भाषण, प्रश्नमंच और चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत् मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ हुई। जंयती समारोह के कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ दम्यंती कटरे ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वें न्यायप्रिया, संघर्ष शील और कुशल शासिका रहीं हैं। उनका जीवन सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायीं है। भाषण में अमृता सनोड़िया ने प्रथम, बोधिसत्व गजभिये ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नमंच स्पर्धा में 3 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रश्नमंच में प्रतिभागी के रूप उमेश साहू , उमा भारती यादव, अमृता सनोड़िया, रितिक तिवारी, अनुषिका कनौजे, अभिषेक वर्मा, दिव्या सोनी, आशुतोष धुर्वे, अर्चना यादव ने भाग लिया। चित्रकलां में एकता मिश्रा और तरन्नुम राईन ने हिस्सा लिया। स्पर्धाओं में निर्णायकों की भूमिका डॉ कमलाकर मोटघरे, डॉ स्नेहा कुमारी, राकेश कुमार कोष्टी, कमलेश चरपे ने अदा की।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता

अमरवाड़ा शासकीय स्नातक महाविद्यालय अमरवाड़ा में मध्यप्रदेष शासन उच्च षिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देषों के परिपालन में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित कार्यक्रम षिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र और चरित्र से राष्ट्र विषय आधारित लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में ''जनकल्याणी पर्व'' के अंतर्गत 23 मई को 2025 को 'देवी अहिल्याबाई-जीवन और दर्षन' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उक्त आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आर.एन. झारिया द्वारा देवी अहिल्याबाई के जीवन वृत पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई । इसी क्रम में दिनांक 27 मई 2025 को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के संदर्भ में परीचर्चा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया । आयोजन के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्षन एवं उपलब्धियों के विषय में अपनी बात रखी। इतिहास विभाग के विजय गुर्वे द्वारा लोकमाता पुण्यष्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर के विषय में जानकारी देती हुए बताया कि, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर वास्तविक अर्थो में प्रजापालक थी, वह प्रजा को अपनी संतान समझकर आजीवन लोककल्याणकारी कार्य करती रही। उनकी न्यायप्रियता चर्चित थी।

## जैव विविधता को बचाने सभी प्रकार के प्रदूषण को करना होगा कम

### पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में जैव विविधता कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा।** जीव-जंतु, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, पर्वत-पहाड़ व सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव-जंतु जो आंखों से दिखाई भी नहीं देते उन सभी के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है, यह सब जैव विविधता के अंतर्गत आते हैं। सभी में विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं विशेष कर जीवों में विविधता कहलाती है, यह बातें विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के द्वारा युवाओं एवं समाजसेवियों के द्वारा कही गई। गत दिवस स्थानीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला शिक्षाविद डॉ.माया शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन की अध्यक्षता में एवं बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी विनोद तिवारी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.माया शर्मा ने सभी को जैव विविधता संरक्षण के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण भी पर्यावरण के लिए कितने घातक है, हम सभी जानते है। हमें सभी प्रकार के प्रदूषण को रोकना होगा, तभी हमारी जैव विविधता भी संरक्षित हो सकती है। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन ने जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई एवं उन्होंने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण से ही सभी के अस्तित्व की रक्षा हो पाएगी । हम सभी का दायित्व है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जैव विविधता का संरक्षण करें। बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि हमारी जैव विविधता प्रचुर मात्रा में है, लेकिन यह जिस तीव्र गति से नष्ट हो रही है यह एक चिंतनीय विषय है। हम सभी को जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों में अपना सक्रिय योगदान जरूर देना चाहिए । उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम करने का जो सुअवसर प्रदान किया गया है, हम सभी इनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते है।

## नितिन गड़करी को दी जन्मदिन की बधाई



**छिंदवाड़ा।** केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे किसान मोर्चा के नेता संदीप रघुवंशी, रघुवंशी ने नगर के विकास के संबंध में चर्चा भी की ।

## नही तप रहा नौतपा, पारा गिरा

### गरज चमक के साथ बारिश हो रही दो दिन ऐसा ही रहेगा





**छिंदवाड़ा।** जिले में इस वर्ष नौतपा की शुरूआत बारिश के साथ हुई बारिश के चलते तपने के बजाए नौतपा में नहीं तप रहा है। जिससे पारा 37 डिग्री पर सिमट गया है हालाकि उमस बनी हुई है। 25 मई से शुरू हुए नौतपा पहले दिन से ही जिले में बारिश दर्ज की गई जिससे आमतौर पर इस अवधि में महसूस की जाने वाली भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली हालाकि उमस बनी हुई है। 26 मई को भी हल्की बूंदाबांदी एवं उमस बनी रही मंगलवार सुबह 11 बजे से ही आसमान में बादल छाए रहे और आसमान में घने बादल के साथ तेज गर्जना के साथ बारिश भी हुई जिले के लावाघोघरी,जुन्नारदेव और बिछुआ सहित शहरी क्षेत्रों में बरिश दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दो दिनों तक इसी प्रकार का मौसम बना रहेगा जिसमें दिनभर रिमझिम बारिश होने की संभावना है। छिंदवाड़ा में तापमान 37 डिग्री तक सिमट गया और 34 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। तापमान में गिरावट और बढ़ती नमी के कारण अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

### फसलों पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका

किसानों के लिए यह मौसम चिंता का विषय है। क्योंकि अचानक बदलते मौसम से आने वाली खरीफ की सीजन की फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। नौतपा के तपने से बारिश के अच्छे आसार रहते हैं लेकिन नौतपा में हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि प्रकृति प्रेमियों के लिए यह मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस वर्ष नौतपा के दौरान तापमान में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है जिससे यह अवधि सामान्य से अलग प्रतीत हो रही है।

### हल्की बारिश होने की संभावना

भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (28 मई से 01 जून 2025) घने से मध्यम बादल रहने एवं दिनांक 28.05.2025 से 31.05.2025 को बिजली, तूफान/तेज़ हवा (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 34-35 डिग्री सेन्टिग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 25-26 डिग्री. सेन्टिग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 72-77 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 41-45 प्रतिशत रहने की संभावना है ।

## महात्मा फुले के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म को देखा





**छिंदवाड़ा।** जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म फुले को सामूहिक रूप से देखा गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति आयोग सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गुरुचरण खरे के विशेष सहयोग से यह आयोजन संभव हुआ। जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग मिडिया प्रभारी सुमित भावरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) प्रकाश मेहरोलिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोषी गजभीए, ग्रामीण अध्यक्ष सविता कनोजिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। फिल्म में समाज के दबे-कुचले वर्गों के उत्थान, बालिकाओं की शिक्षा, विधवा पुनर्वास एवं प्लेग पीड़ितों की सेवा जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर महादेव गायकवाड़, अनिल इंगले, विनोद कामले, शक्ति डोले, पारस वंशकार, प्रतिभा ब्रम्हे, नेहा आम्रवंशी, कीर्ति डेहरिया, राजा गुनहरे, सरिता, अंकिता, सोनम, सरस्वती व सावित्री कनोजिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विलुप्त होती जैव विविधता को बचाने सभी प्रकार के प्रदूषण को करना होगा कम :अखिलेश जैन

### हमारी अपनी अच्छी आदतों से भी बच सकती है हमारी जैव विविधताः डॉ माया शर्मा





**छिंदवाड़ा।** जीव जंतु पशु पक्षी पेड़ पौधे पर्वत पहाड़ सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव जंतु जो आंखों से दिखाई भी नहीं देते उन सब सभी के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है यह सब जैव विविधता के अंतर्गत आते हैं विभिन्न प्रकार की सभी में विभिन्नताएं विशेष कर जीवो में विविधता कहलाती है उक्त बातें विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला का आयोजन बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के द्वारा युवाओं एवम समाजसेवियों के बीच द्वारा सोमवार को स्थानीय पी जी कॉलेज में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिक्षाविद डॉक्टर माया शर्मा के मुख्य अतिथि में एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन की अध्यक्षता में एवं बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष समाजसेवी विनोद तिवारी के विशेष अतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर माया शर्मा ने सभी को जैव विविधता संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए कहा की बढ़ते प्रदूषण भी पर्यावरण के लिए कितना घातक है हम सभी जानते है हमे सभी प्रकार के प्रदूषण को रोकना होगा तभी हमारी जैव विविधता भी संरक्षित हो सकती है ।इस अवसर पर अखिलेश जैन ने जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई।कार्यशाला के सभी विषय जानकारों ने जैव विविधता के संरक्षण से ही सभी के अस्तित्व की रक्षा हो पाएगी । हम सभी का दायित्व है की हम अपने छोटे छोटे प्रयासों से जैव विविधता का संरक्षण करे।बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की हमारी जैव विविधता प्रचुर मात्रा में है उनका जिस तीव्र गति नष्ट हो रही है यह एक चिंतनीय विषय है हम सभी को जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों में अपना सक्रिय योगदान जरूर देना चाहिए ।उन्होंने बताया की मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर इस तरह के जागरूक कार्यक्रम करने का जो सुअवसर प्रदान किया गया हम सभी आपने प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते है।साथ ही इतनी अच्छी संख्या में युवाओं ने जैव विविधता को प्रभावी तरीके से जाना सभी के जैव विविधता संरक्षण की शपथ ली आज के दिवस की महत्ता दर्शाता है। कार्यशाला में परामर्शदाता एवम समाजसेवी लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह जय प्रकाश सूर्यवंशी आशीष साहू ने भी जैव विविधता संरक्षण विषय पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर कामिनी कहार ने जीवो के संरक्षण पर मधुर गीत से सभी को जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में युवाओं ने जैव विविधता संरक्षण पर आधारित बहुत प्रभावी नुक्कड़ नाटक से सभी को पर्यावरण संरक्षण,जैव विविधता संरक्षण एवम स्वच्छता का संदेश दिया।

## वी-मित्र एप से बिजली विभाग करायेगा सोशल ऑडिट

### बिजली अनियमितता की जानकारी देने पर मिलेगा 50 हजार तक का इनाम

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को पारदर्शी, जिम्मेदार और सहभागितापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक अभिनव पहल की है- सोशल ऑडिट प्रणाली और व्ही-मित्र ऐप का शुभारंभ। इसका उद्देश्य बिजली वितरण व्यवस्था को जन-सहभागिता के माध्यम से अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है।

**क्या है सोशल ऑडिट** - सोशल ऑडिट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें समाज खुद सार्वजनिक या निजी योजनाओं और सेवाओं की निगरानी करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे पारदर्शी और उचित ढंग से लागू हो रही हैं। यह जनता का ऑडिट, जनता द्वारा, जनता के लिए के सिद्धांत पर आधारित है।

### विद्युत वितरण में सोशल ऑडिट की आवश्यकता क्यों ?

1. बिजली चोरी और मीटर टैम्परिंग पर रोक- सोशल ऑडिट से नागरिक संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे समय पर कार्रवाई संभव होती है। 2. जन सहभागिता को प्रोत्साहन- उपभोक्ता केवल सेवा प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि अब निगरानीकर्ता भी बनेंगे। इससे जागरूकता और उत्तरदायित्व बढ़ेगा। 3. पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार- शिकायतों का ट्रैकिंग सिस्टम उपभोक्ता और कंपनी दोनों के लिए खुला रहेगा, जिससे विश्वास बढ़ेगा। 4. समस्याओं का समय पर समाधान- ऐप के माध्यम से शिकायतों का त्वरित पंजीकरण और समाधान संभव हो सकेगा। 5. सेवा प्रदाता पर विश्वास की स्थापना- आमजन की भागीदारी से पूर्व क्षेत्र कम्पनी एक उपभोक्ता केन्द्रित और उत्तरदायी संस्था के रूप में उभरेगी।

**नागरिकों की भूमिका** - बिजली उपयोग पर नजर रखना, अनियमितताओं की रिपोर्ट करना, ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना, अवैध कनेक्शन का विरोध करना, फीडबैक देना और सुधारों की मांग करना इत्यादि।

व्ही-मित्र ऐप इसका उद्देश्य नैतिकता और पारदर्शिता बनाए रखना व नागरिक-केन्द्रित सोशल ऑडिट प्लेटफॉर्म बनाना, जो डिजिटल इंडिया और गुड गवर्नेस के सिद्धांतों के अनुरूप है। ऐप के उद्देश्य वतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना,

व्ही-मित्र ऐप के माध्यम से आम जनता किसी भी बिजली अनियमितता संबंधी समस्या की रिपोर्ट करने में सक्षम होती है, जैसे कि उपभोक्ता की भू-निर्देशांक की अनुपलब्धता या गलत होना, गलत मीटर रीडिंग, अतिरिक्त लोड उपयोग, गलत टैरिफ श्रेणी, एक ही परिसर में कई कनेक्शन, मीटर से छेड़छाड़ या बाईपास, दोषपूर्ण मीटर, गलत सोलर मीटर रीडिंग, अनाधिकृत बिजली विस्तार, बिजली चोरी या अवैध कनेक्शन, कंज्यूमर इंडेक्सींग एरर, ट्रांसफार्मर इंडेक्सींग एरर संबंधी विसंगतियाँ व एलटी/एचटी कनेक्शन में गलत एम.एफ. इत्यादि।



वीर सावरकर उद्यान कोटरा सुल्तानाबाद में विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कर पुरुस्कार वितरण किए इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा, समाजसेवी नरेंद्र भानु खंडेलवाल, भाजपा नेता संतोष ब्रह्मभट्ट एवं रहवासी गण उपस्थित रहे।

# प्याज उत्पादकों को लेकर दिग्विजय ने शिवराज को लिखा पत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर मध्यप्रदेश के लाखों प्याज उत्पादक किसानों की गंभीर पीड़ा और वर्तमान संकट की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। इस पत्र में दिग्विजय सिंह ने बताया है कि मध्यप्रदेश के रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा, राजगढ़ सहित कई जिलों में किसानों द्वारा लाभ की आशा में कठिन परिश्रम करके प्याज का भारी उत्पादन किया गया है। लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें प्याज 2 से 5 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बेचना पड़ रहा है, जिससे किसान भारी आर्थिक संकट में हैं और लागत मूल्य तक वसूल नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया है कि राष्ट्रीय कृषि विपणन महासंघ (नाफेड) का गठन किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके इसके लिए किया गया था। लेकिन नाफेड ने किसानों से अभी तक कोई खरीदी प्रारंभ नहीं की है, जिससे किसानों को अपनी फसल व्यापारियों को कम मूल्य पर बेचनी पड़ रही है।






दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश में प्याज उत्पादक किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें उनकी फसल का उचित दाम सुनिश्चित करने तथा निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु समुचित निर्देश प्रदान करें। भारत सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से प्रदेश में तत्काल प्याज की खरीदी प्रारंभ करवाई जाए तथा खरीदी प्रणाली में बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर किसानों से सीधी खरीदी सुनिश्चित की जाए। मध्यप्रदेश के सभी प्याज उत्पादक जिलों में प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर प्याज खरीदी केंद्र शीघ्र खोले जाएँ। खरीदी प्रक्रिया को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया जाए ताकि किसानों को उनकी फसल के मूल्य के भुगतान में विलंब न हो।राज्य सरकार किसानों की प्याज की फसल को अतिरिक्त समर्थन मूल्य पर खरीदे। सरकार प्याज के भंडारण की समुचित व्यवस्था करें तथा इसके लिए वर्तमान में उपलब्ध आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा सकता है।

# हनीमून पर मेघालय गए दंपती के बैग खाई में मिले सर्चिंग अभियान जारी, आज सांसद लालवानी पहुंचे

**भोपाल।** हनीमून पर शिलांग घूमने गए इंदौर के दंपती 4 दिन से लापता हैं। पुलिस ने उनकी तलाश में मंगलवार रात तक सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान उनके दो बैग झाड़ियों के पास खाई में पड़े मिले। बुधवार को फिर उनकी तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके पहले मंगलवार को मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा से बात की। इसके बाद सांसद शंकर लालवानी बुधवार सुबह शिलांग पहुंच हैं।



लालवानी ने बताया कि यहां वे लापता ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के परिजन से मिलकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। बात दें 11 मई को हुई शादी के बाद यह जोड़ा पूर्वोत्तर राज्यों असम और मेघालय में हनीमून मनाने के लिए गया था। इसी दौरान मेघालय की राजधानी शिलांग पहुंचने के बाद उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है और न ही उनसे किसी तरह का सम्पर्क हो पा रहा है, जिसके बाद उनके परिजन काफी परेशान हैं।





मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स के एसपी विवेक सिएम ने बताया कि दंपती की मोबाइल लोकेशन आखिरी बार मावलाखाइट गांव में पाई गई थी। लापता राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम की तलाश के लिए 50 से ज्यादा लोगों की टीम बनाई गई है। हर टीम में 10 लोग हैं, जिनमें गांव के लोग और विलेज डिफेंस पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं। बुधवार को सर्चिंग के लिए और लोगों को लगाया गया। पुलिस जांच में पता चला कि दंपती ने पहले नोंग्रियाट गांव में गाइड के साथ लिविंग रूट्स ब्रिजदेखा था और वहीं रात गुजारी थी। ईस्ट खासी हिल्स के एसपी विवेक सिएम ने बताया कि दंपती की तलाश शिलॉन्ग से 50 किलोमीटर दूर डबल डेकर रूट की खाई के आसपास हो रही है। इस रूट पर पेड़ों की जड़ों से बना एक प्राकृतिक ब्रिज है। जिसे देखने पर्यटक जाते हैं। संभवत-दंपती भी वहां गए होंगे।

### जंगल में तलाश जारी

तलाशी अभियान शिलॉन्ग से लगभग 50 किलोमीटर दूर डबल डेकर रूट के पास चल रहा है। यह जगह पेड़ों की जड़ों से बने एक प्राकृतिक पुल के लिए प्रसिद्ध है। संभावना जताई जा रही है कि दंपती भी इस पुल को देखने गए होंगे। पुलिस ने इस रुट पर पहले भी कई घटनाओं के बारे में जानकारी जुटाई है।

### पिछले कुछ महीनों में दुर्घटनाएं

डबल डेकर रूट के आसपास के इलाके में पहले भी पर्यटकों के साथ दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मार्च में एक पर्यटक लापता हुआ था, और तीन दिन बाद उसका शव जंगल में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। इसके बाद से पुलिस ने यह संभावना जताई कि पर्यटक गिरने से मरा होगा। इसी साल एक हंगेरियन पर्यटक भी 'लिविंग रूट्स ब्रिज' की ट्रैकिंग करते वक्त लापता हो गया था, और 12 दिन बाद उसका शव मिला था। इन घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने पर्यटकों को सलाह दी थी कि वे ट्रैकिंग या बाहर घूमने के दौरान गाइड के बिना न जाएं।

### जहां वाहन मिला, वहां होती है भारी बारिश

सर्चिंग के दौरान एक दोपहिया वाहन अगले दिन सोहरारिम में मिला। यह जगह शिलॉन्ग और सोहरा के बीच स्थित है, और यह दुनिया के सबसे अधिक बारिश वाले स्थानों में से एक है, जिसे चेरापूंजी के नाम से भी जाना जाता है। यहां की भारी बारिश और कठिन भूगोल सर्च ऑपरेशन को और चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

### पुलिस की सर्चिंग टीम और मॉनिटरिंग

एसपी विवेक सिएम ने बताया कि दंपती की मोबाइल लोकेशन आखिरी बार मावलाखाइट गांव में पाई गई थी, जिसके बाद उनकी तलाश के लिए 50 से अधिक लोगों की टीम बनाई गई। इन टीमों में स्थानीय लोग और गांव की डिफेंस पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि बुधवार को और भी लोग सर्चिंग ऑपरेशन में मदद के लिए भेजे जाएंगे। जांच से यह सामने आया है कि राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम ने पहले नोंग्रियाट गांव में गाइड के साथ 'लिविंग रूट्स ब्रिज' देखा था और वहीं रात बिताई थी।

## मेट्रो स्टेशन निर्माण के कारण आज से ट्रैफिक डाइवर्ट

**भोपाल।** मेट्रो स्टेशन निर्माण के कारण आज से ट्रैफिक डाइवर्ट रहेगा । 28 मई से 27 जून तक ट्रैफिक रूट में बदलाव रहेगा । भारी मध्य के



वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से भेजा जाएगा प्रभात चौराहे से पुल बोगदा होते हुए भारत टॉकीज, जिंसी, धर्मकांटा मैदा मिल और जाने वाला रास्ता पूर्णता बंद रहेगा। प्रभात चौराहे से भारत टॉकीज ओर जाने वाले वाहन अब परिहर चौक, अशोक गार्डन होते हुए जा सकेंगे।

## खाद्य मंत्री राजपूत के मंत्रालय में कक्ष से गणेशजी की मूर्ति गायब, सुरक्षा पर उठे सवाल



**भोपाल।** मंत्रालय में उस समय हड़कंप मच गया जब खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के कक्ष से भगवान गणेश की चांदी की मूर्ति गायब पाई गई। यह मामला उस वक्त सामने आया जब कैबिनेट बैठक से पहले मंत्री पूजा कर रहे थे और उन्होंने देखा कि मूर्ति मौजूद नहीं है। मंत्री ने तुरंत अपने स्टाफ से इस बारे में जानकारी ली, लेकिन किसी को मूर्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस घटना से नाराज मंत्री ने मंत्रालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई। बताया गया है कि मंत्री का चैंबर वीवी-2 बिल्डिंग के दूसरे तल पर है, और आमतौर पर चैंबर लॉक नहीं रहता। चेंबर में महत्वपूर्ण फाइलों और अन्य वस्तुओं के साथ यह मूर्ति भी रखी थी।

## आज सुबह से इंदौर, खरगोन-धार में बारिश मप्र के 40 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

### कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है

**भोपाल।** प्रदेश में बुधवार सुबह भी कई जिलों में बारिश हुई। इंदौर, खरगोन, धार में सुबह से ही तेज बारिश का दौर रहा। नौतपा के चौथे दिन यानी बुधवार को भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को जिन जिलों में बारिश का अलर्ट है, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, राजगढ़, आगर-मालवा, मैहर, मऊगंज, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी और नीमच शामिल हैं। यहां हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है।



**कहां कितनी बारिश हुई-** बता दें पिछले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में बारिश का दौर चला। भोपाल में बुधवार देर रात तक तेज आंधी चलने के साथ बारिश हुई। शाजापुर जिले में कई पेड़ गिर गए। वहीं रायसेन में सड़कों पर पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार, खंडवा में 2 इंच, रायसेन में डेढ़ इंच, खरगोन में 1.4 इंच, इंदौर-सीहोर में सवा इंच, छिंदवाड़ा में 1 इंच, गुना में पौन इंच, नर्मदापुरम में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल, बैतूल, धार, मंडला, नरसिंहपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ़, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा समेत कई जिलों में बारिश होती रही।

